वियोगी आखदेन.....

वो

तुम

मैं

और

कैंसर

कुंवर वियोगी
सुधा रणधीर चतुर्वेदी

Name of the Book – वो, तुम, मैं और कैंसर
Authors- Kunwar Viyogi & Sudha Randhir Chaturvedi
Kunwar Viyogi di Bayaja:Volume- 27
Editor- Sudha Chaturvedi

Copyright--- Sudha Randhir Chaturvedi and Rounak Singh

ISBN: 978-93-90622-45-0

Publisher: Mrs. Sudha Randhir Chaturvedi

Address- Mrs. Sudha Randhir Chaturvedi
M-327, Utsav Ashiana Manglam
Kalwar Road, Jaipur, Raj. 302012
e-mail : sudha.chaturvedi5@gmail.com
Mobile: 9829738844, 9829245255
www.kunwarviyogi.com

Online distribution on Amazon, Kindle & Book Media on line book stores Link---
https://www.amazon.in/dp/BO8YYD7VNT?ref=myi_title_dp

printer- Book Media, bookmediaindia@gmail.com

Year of publication: 2020
Price: Rs.150/-

कुवंर वियोगी

कुंवर वियोगी, साहित्य अकादमी पुरस्कार–1980

दो शब्द

''कैंसर'' शब्द आज भी उतना ही डरावना है जितना 1980–90 के बीच था। ढेरों अनुसंधानों, खोजों के बाद भी इसका स्थायी तोड़ नहीं है। कैंसर से बचाव का अर्थ है, उस अवश्यंभावी को टालना। उन्नत से उन्नत तकनीकों की सहायता से छुटकारा तो मिलता है पर बाकी बचा जीवन, डर के साये में जीना होता है।

कैंसर, रोगी के आत्मविश्वास, सुख–शान्ति को उजाड़ देता है। भय, निराशा और मौत का डर, सामान्य संतुलन को नष्ट कर देता है। रोगी के निकट पारिवारिक सदस्यों को भी चोट पहुंचाता है। घर का कर्ता अपने घर को, अपने रोगी को बचाने के लिये हरसंभव प्रयास करता है। रोगी कोई माता, पिता, पत्नि, पुत्र या पुत्री हो सकते हैं। अपने प्रिय को बचाने के लिये हरसंभव कोशिश करता है। अपने श्रम, धन, समय को न्योछावर करने के लिए तत्पर होता है। अपनी जान की बाजी तक लगाने से चूकता नहीं है। इलाज लंबा और खर्चीला होता है। सारी जमापूंजी खत्म हो जाती है। यह जानते हुए भी कि मृत्यु निश्चित है तब भी एक–एक सांस के लिये युद्ध चलता है।

रोगी के न रहने से परिवार में खालीपन आता है। अगर गृहणी पीड़ित हो तो फिर तो नुकसान का आकलन करना ही कठिन है। आर्थिक स्तर पर घोर हानि की भी भरपाई हो सकती है पर जन हानि की भरपाई नहीं हो सकती है। जनहानि में व्यक्ति ही नहीं जाता उसके साथ घर का सुख–चैन, विश्वास, भरोसे की छाया भी गुम हो जाती है। पति या पत्नि की हानि तो घर को तोड़ ही देती है। घर को व्यवस्थित करने के प्रयासों में एक अपराध बोध जन्म लेता है।

यह अपराध बोध आदमी को पीछे खींचता है, और उस घुटन भरी यादों में अपने आपको कोंचता रहता है। इन सबसे बाहर

आने के लिए साक्षीभाव का होना आवश्यक है, बार –बार विश्लेषण व संश्लेषण से आदमी अपनी स्थिति, पर्यावरण, रिश्तों का सही आकलन कर पाता है।

सेना के कई पदकों और साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित वायुसेना अधिकारी ग्रुप कैप्टन रणधीर सिंह उपनाम ''कुंवर वियोगी'' अपनी पत्नि 'प्रेम'(पम्मी) से अगाध प्रेम करते हैं। परिवार की जिम्मेदारियां निवृत होने पर 1986 में जब थोड़ी राहत का समय आया तो मालूम हुआ कि पम्मी स्तन कैंसर से ग्रस्त हैं। सदा निरोगी और पूजा–पाठ करने वाली महिला को कभी बुखार भी नहीं आया था। कैंसर सैकण्ड स्टेज पर था। रणधीर का 1986 में ही गांधीनगर (गुजरात) से स्थानांतरण नगरोटा(जम्मू) हुआ था। सबसे छोटा देवर जो सास की मृत्यु के समय 3–4 साल का होगा 1986 में ही उसकी passing out paradeमें शामिल हुई थी। उसके बाद ही यह वज्रपात हुआ था।

वर्ष 1986 में अहमदाबाद कैंसर हॉस्पिटिल आना पड़ा। इस पुस्तक का आरंभ यहीं से होता है। कैंसर के कारण कैसी–कैसी मानसिक यंत्रणाओं को झेलना पड़ा। रोगी के साथ केयर टेकर को उससे भी ज्यादा यंत्रणा भोगनी होती है। 16–10–86 से हॉस्पिटिल से ही कुछ लिखा गया। वैष्णव देवी, अपने पुरखे को याद किया गया। अपने आपको बहुत ही दयनीय हालत में पाया। अनहोनी का भय और बचाने की कोशिश सभी का चित्रण है।

रणधीर, 31 दिसंबर की रात कैलेण्डर के बदलने पर सोचते हैं कि क्यों न 1986 साल ही गुम हो जावे, या 1987 आये ही नहीं। एक पति का भय, अकेलापन, घर का कर्ता, स्वाभिमानी, साहसी, अपनी प्रियतमा को बचाने के लिये कुछ भी करने को तत्पर, भावी बिछोह की वेदना उसे शारीरिक और मानसिक तौर पर छिन्न–भिन्न कर रही थी। सबके हार जाने

पर प्रियतमा से विनती की कि तू अब यह देह छोड़ दे। हे ईश्वर! इसे मुक्ति दे।

प्रियतमा के न रहने पर रणधीर का अकेले प्रमोशन पर जोधपुर आना और अपने क्वार्टर में अकेले रहना बहुत पीड़ादायक था। इस उम्र में साथी का बिछोह मर्मान्तक होता है। अकेलापन घुन की तरह खाता जाता है। कुछ महीनों के बाद थोड़ा शान्त हो अपने पर ध्यान दिया। पाया सब लुट गया है, अवशेष सब haunting हैं।

समय के साथ आदमी खुद ऐसी परिस्थितियों से उबरना चाहता है, पर साथ ही अपराध बोध से ग्रस्त हो जाता है। ऐसे द्वंद से निकलने पर ही व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। इस सब में बाहर का नया जन भी लहूलुहान हो जाता है, लगन सच्ची हो तो उबरा जा सकता है। एक तिनके का सहारा चाहिए। नये साथी के साथ घर बसाया पर कैंसर की सुनामी के चिन्ह जीवंत हो जाते हैं।

पम्मी दी त्रीऽ पुन्न–तित्थ–

मन जीने दी कोशश साल भर जरुर करदा ऐ,
अवो हर साल यकम अप्रैल दा खलनायक आई करियै।
मिरे मिथे दे मनसूबे गी चकनाचूर करदा ऐ,
जिदे जीवन दा नखलेस्थान भलयां, भलयां उक्खड़े दा।

Men and women who comes into your line of

vision from nowhere And vanish into nowhere,

" Could one make a deal like that,
Trade all his tomorrows for a single yesterday".

वो, तुम, मैं और कैंसर में डोगरी व अंग्रेजी में लिखित सामग्री सभी कुंवर वियागी जी यानी रणधीर सिंह जी द्वारा रचित हैं। एक दो जगह उन्होंने हिन्दी में भी लिखा है वहां उनका नाम लिखा है। 'वो व तुम' का लेखन श्री वियोगी जी के अनुसार है एवं मैं का लेखन मेरे द्वारा है। कहीं कहीं कविताओं के लंबे होने के कारण उनका कुछ हिस्सा ही मुख्य धारा में आ पाया है। एक विषय बिन्दु खत्म होने पर कैंसर का संकेत लगाया गया है। इसका कथानक काल 16–10–1986 से जुलाई 1994 है। हिन्दी कथानक मेरे द्वारा लिखा गया है।

कुंवर वियोगी
सुधा रणधीर चतुर्वेदी

सूची

वो, तुम, मैं और कैंसर

1. वो..... पृ. 9

2. तुम..... पृ. 73

3. मैं..... पृ. 119

— वो —

कैंसर हॉस्पिटिल, अहमदाबाद

16.10.1986

उपरोक्त शीर्षक अपने आप में स्व व्याख्यात्मक है। वर्ष 1986 में कैंसर हास्पिटिल में क्या हुआ था? वहां तो रोज़ ही कुछ न कुछ होता ही रहता है। बिलकुल ठीक है, पर मेरी प्यारी प्रियतमा, प्रेम–पम्मी को वहां ले जाना ही मेरे लिए दुनिया की घोर विपत्ति का कष्टप्रद क्षण था। तब कैंसर एक ऐसा भयावह रोग था जिससे बचना नामुमकिन था। उस निश्चित मृत्यु को विज्ञान आज भी टाल तो सकता है, पर निजात नहीं दिला सकता। अपने प्रिय को कोई भी परेशानी–दर्द या रोग से बचाने की कोशिश में परिजन कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। डॉक्टर, रोगी और परिजनों को सान्त्वना और आशा–निराशा की नाव में लक्ष्य तक पहुंचाने की मदद करते हैं। पर डॉक्टर तो डॉक्टर होते हैं, भगवान तो नहीं?

आजकल कई शहरों में कैंसर अस्पतालों की सुविधायें हैं पर 1986 में ऐसा नहीं था। कैंसर से जूझने के लिए सर्वाधिक श्रेष्ठ अस्पताल अहमदाबाद ही हुआ करता था। आज ''कोरोना'' से बचने का उपाय मात्र सावधानी और सतर्कता है, कोई दवाई या वैक्सीन नहीं है। इसी तरह कैंसर से निजात का उपाय सावधानी और सतर्कता था और आज भी है । भोले–भाले लोगों को अचानक कैंसर अपनी गिरफ्त में ले लेता है–मालूम ही नहीं पड़ता । मालूम होता है तब, जब रोग विकराल रूप ले लेता है। सावधानी और सतर्कता आज भी ''जागरूकता'' के नाम से बचाव है। अस्सी–नब्बे के दशक में इतनी जागरूकता और विशेषज्ञता भी नहीं थी। प्रयोगों और पुनः प्रयोगों से अब भी सौ प्रतिशत निजात नहीं है। उस की अन्तिम परिणति को

विलंबित किया जा सकता है पर खत्म नहीं किया जा सकता है।

इस रोग के रोगी और परिजन सभी मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से तार–तार हो जाते हैं। परिवार की समरसता नष्ट हो जाती हैं। मूल्य, आदर्श, संस्कार, परिवार को एकजुट रखते हैं पर मानसिक रूप से बिखर जाते हैं। इन सबके पीछे एक महत्वपूर्ण सूत्र भी अपना खेल खेलता है जो अपने–परायों की और नैतिक संबल की पहचान भी कराता है। दीर्घावधि में अधिकतर सहयोगी तटस्थ या निर्लिप्त हो जाते हैं या दूरी को ही श्रेयस्कर समझते हैं।

पर एक बात निश्चित है कि 'घर' का कर्ता, वह जो कोई भी हो , हमेशा ''अकेला'' होता है। अपने को निपट अकेला ही पाता है जो उसे पल–पल कमजोर करता है पर अपने पुरूषार्थ, आत्मिक शक्ति से सामान्य बनाए रखता है।

Happiness of a family, completely depends on the happiness of its man, because when the head aches, all the body is out of its element.

घर का वातावरण स्वस्थ रखने के लिए कर्ता को सामान्य व्यवहार करना ही होता है। इससे रोगी भी स्वस्थ और उत्साही रहता है। कर्ता के निराश होने से रोगी भी हतोत्साहित हो जाता है। रोगी का उत्साही ,ऊर्जावान, आशावान होना ही पहला उपचार होता है।

कैंसर व्याधि, रोगी व परिवार को समसामयिक ही नहीं बल्कि दीर्घकालीन आघात भी देता है। रोगी के न रहने पर भी उसकी अनुपस्थिति परिवार को तार–तार कर देती है जिसके दूरगामी परिणाम होते हैं। कैंसर के आघातों का प्रभाव परिवार के सदस्यों की सहनशक्ति, धैर्य और क्षमता पर ही होना निश्चित

होता है। पर टूटन तो आती ही है जो सालों कनी समान चुभती रहती है।

रणधीर गांधीनगर में Commander & Controller (IAF) रहे थे। तब तक सब ठीक था। मई '86' में नगरोटा, जम्मू आ गए थे। रणधीर बचपन से ही माता वैष्णव देवी के अंधभक्त रहे हैं। उनका हर काम माता को स्मरण करके ही होता है। माता में अथाह आस्था और विश्वास रहा है। गांव अंबारा–गौर, चिनाब, वैष्णव देवी, जम्मू और फत्तूचौगान उनके चारों धामों से अधिक पूज्य रहे हैं। दुनिया के किसी भी कोने में रहें पर ये हमेशा साथ रहें हैं। पम्मी भी पूजा–पाठ वाली रहीं। उन्हें कभी बुखार तक नहीं आया था। सबसे छोटे देवर का passing out parade होने के थोड़े दिनों बाद मालूम हुआ कि पम्मी को रोग हुआ है। टैस्ट करवाए, विश्वास न होने पर अहमदाबाद तक जांचा गया। रणधीर का तो सारा संसार ही अनिश्चितता में डूब गया। अगस्त आखिर में पम्मी के भयानक कैंसर रोग की सैकण्ड स्टेज मालूम हुई थी। सबसे ज्यादा भरोसा माता का था और वही साथ नहीं दे रहीं थीं।

16.10.1986

को मैं और पम्मी कैंसर हॉस्पिटिल अहमदाबाद आये। टैस्ट हुए, एक–एक पल निकालना कठिन हो रहा था। माता का ही सहारा था, चमत्कार हो और सब रिपोर्ट गलत आ जाएं। जिस महिला को कभी सर भी नहीं दुखा उसे यह क्या हो गया? सारा दिन औपचारिकता पूरी करते निकला। दोनों उपर से शान्त थे। मुझे तो विपत्तिकाल में शान्त रहने की आदत थी पर जब सब नींद के आगोश में थे, मेरी नींद उड़ी हुई थी। समझ नहीं आ रहा था कि प्रेम को यह कैसे हो गया? जैसी आदत थी, विचारों की अभिव्यक्ति लेखन द्वारा हुई।

कत्तरी अगस्त उन्नी सौ छेयासि दे दिन

(*दिन हकूमत राहें वैष्णौ जात्तरां दा इन्तजाम साम्भालने दे अवसर वेल्लै किश इक रद्धे अमल*)

मना च क्रोध हा बे–ऐन्त माता तां गै में तुक्की
जुलाई, उन्नी सो बास्सी च खडजैंतर गलाया हा
निहा जकीन लेकन बिंद अपने आपे प मिक्की
मिगी इस बे–जकीनी नै बुरी चाल्ली डराया हा

में तां गै डरदे–डरदे एह् भलोका लाना लाया हा
जे इक दिन तूं जरूरी अपनी सत्ता दस्सी देनी ऐ
ते इक जकीन बनिये लाना एह मना च आया हा,
कोई भामें नेईं मन्नै तूं अलबता दस्सी देनी ऐ।

अगस्त उन्नी सौ छयासी च दाहवा जकीनी ऐ
तूं बारी दारें ते धर्म–अर्थ दे चुंगल त्रोड़े न
ते अपनी लाज़वाव सत्ता कन्नै बीन्नी–बीन्नियै
तूं अपने पाक दरबारा चा पापी कड़्ढी छोड़े न

ही पैहले बारीदारें दी प हून भगतें दी बारी ऐ
पुराने बक्त मुक्के न, नमें बक्तें दी बारी ऐ

हॉस्पिटिल में एडमिशन के साथ ही एक किट मिली जिसमें कैंसर के रोगी के केयरटेकर के लिए कुछ निर्देश और सलाह थे। एक कैसेट था जिसमें पहला वाक्य ही था... मतलब ''कैंसर एक अवश्यंभावी मृत्यु का वारंट है।'' लंबी बीमारी में रोगी और केयरटेकर को उत्साह, मनोबल, स्वास्थ्य को किस तरह बनाये रखना है।

मेरे मन में विचारों का भूचाल आया हुआ था। अपने बुजुर्गों को याद कर रहा था कि चोट पर चोट कर मेरे धैर्य–साहस

को आजमाया जा रहा है। हे! बुजुर्गों मेरी साफ स्लेट पर ये क्या लिख दिया है? रास्ता संकड़ा होने पर चलना मुश्किल है पर समतल भी नावाकिफ होने पर कठिन है। हे ईश्वर! तुम्हारा व्यवहार मधुर था पर अब पता नहीं क्यों नाराज हो। भाग्य ने हर बार करारी चोट दी है और भेदभाव किया। सब कठिन है, पर मेरे इरादे बहुत मजबूत हैं। एक तो भाग्य ने मुंह मोड़ा और दुःख दिये, दूसरा यह सब कुछ सहन करने के लिए मुझे अकेला छोड़ दिया। लोगों को इश्क का सौदा घाटे का लगता है पर मुझे तो लाभ वाला ही लगता है। अपने कर्मों के लेखों को जोड़ता–घटाता रहता हूं। बड़ी हिम्मत से इस पीड़ा से लड़ रहा हूं पर हर बार पीड़ा बढ़ती ही जाती है। दुनिया से संताप ही मिला है और हे ईश्वर ये पीड़ा तुम्हीं ने दी है ।

बजुर्गो, अस आं तुंदै सामनै कोरे सफें आंह्गर
लिखी किश कारी दा साढेरे ता जीरी दफें आंगर
बड़ा तंग दिल होंदा ऐ चलियै सौंगंड़ी गैह्लें
मदाने बिच्च आईयै चलदी ऐ नवाकफें आंह्गर
नबाकफ बनियै जे ओह् गरजी बनदे तां जरी लैन्दा
जफा तुंदी ही लेकन यारी दी जायी जफें आंह्गर
मिरे बाबर इरादें दियें तोफें सामनै आईयै
लशकर मुशकलें दे बद्दे लोद्धी दी सफें आंह्गर
गलांदे घाटे दा सौहदा ऐ इशक, पर मीं दस्सी दे
'वियोगी' गी ए घाटा कैह्ल्ली लगदा ऐ नफें आंह्गर

में जिंदगी आखरै गी इक लम्हे ही
होठें नै लाईयै जिंदगी में डीक ही लाई
दिलै दी राखी दिलै दी बसनीक ही लाई
पता नेईं कैह्ल्ली मिरे नै होए ओह् नराज

पैहली करारी चोटा शा बधीक ही लाई
लुच्चे हीखी छुटटी परंपरा नै मुंढा शा दित्ती
उस करमें दी करना जेमा–तफरीक ही लाई

चतेरा ईश्वर जदूं मी साम्भी नेईं सकेआ

दिला दी राखी, दिला दी बसनीक ऐ लाई।
होठें नै लाइये, जिंदगी दी डीक ऐ लाई।।
इशकै दी पौड़ी, खबरै, सुर्ग जंदी ऐ जां नेईं–
पर पौड़ी, तूं जादूगिरा रमनीक ऐ लाई।

पता नेईं कैह्ल्ली मेरे नै, होआ दे ओ नराज़
में गल्ल ते उंदे नै बिलकुल ठीक ऐ लाई।
में स्हाबै च कमजोर हा, कमजोर आं, ते रौह्ंङ
कर्में दी अल्ला–जमा–तफरीक ऐ लाई

सोचता हूं..... स्वर्ग की परिकल्पना जिसने भी की है, उसने मनुष्य की सीमाएं भी बता दी हैं। सृष्टि के सूक्ष्म, गूढ़ भाव व सहनशीलता को जानकर मैं जानता हूं कि फैसला मेरे हक में ही आयेगा।

ईज़ाद कीता जिन्नै सुर्ग, ओह्दा शुक्रिया–
मेंदें दी मंज़ला दी बुत्ती ठीक ऐ लाई।
बरोबरी उदी करै , इश्वर नै तां,
मनुक्खी हद्ध–बंदी तैं तफीक ऐ लाई।
श्रृष्टी दी बरीकबीनियें गी समझिऐ
मनुक्खै लीह् नकलै दी जरनीक ऐ लाई।
पता ऐ मिगी फैसला ऐ हक्कै च मेरे
बस दबदबे तै तूं नमी तरीक ऐ लाई

सच्चे इश्क की राह स्वर्ग की तरफ जाती है, सच्चे प्रेमियों को वह स्वर्गातीत आनंद मिलता है। देवता जब मेरे हक में

फैसला देंगे तब नया इतिहास लिखा जायेगा। तू मेरी मंशा को साबित करना–

मेदें दी मजंला तैं बुती ठीक ही लाई
इशकै दी पौड़ी सुर्गै गी जाने गितै लाईयै
एह इशक ऐ जां सुर्ग ऐ जाने आल्ली ऐ पौड़ी
जादुगिरै नै पौड़ी रमनीक ही लाई
तफीकै शा मता जदूं होआ मनुक्खी लोग
लाड कड्डने तै पूजा दी तकनीक ही लाई
इशकै दी सुर्गी पौड़ी सुर्ग जंदी ऐ जां नेईं
पर पौड़ी तूं जादू गिरा रमनीक ही लाई

जमीर पिच्छें, उस मिरी शरीक ही लाई
जरदा रेहा जिच्चर तां उन्नै हर करारी चोट

अहमदाबाद
17.10. 1986

आज अहमदाबाद हास्पिटिल में दूसरा दिन है। मेरे दादाओं ने अपने परदादाओं की कमाई खाई और अगली नस्लों की जड़ें काट दी। किस्मत ने स्यापा दिया और फिर कलपना भी दिया। मेरे लिए यह पीड़ा सर्वव्यापी हो गई है। दुनिया ने बड़े संताप दिए पर ईश्वर तूने भी कम संताप नहीं दिए हैं।

इक्क ते किसमतें, मीं, पिट्ट–स्यापी दित्ती।
दूआ–ए करने गितै जिंद कलापी दित्ती।।
मेरे पुरखें, अपने पुरखें दी कमाई खाईयै
अगलियें नसलें दी जड़–जड़ चापी दित्ती।
जिगरे नै पीड़ें नैं लड़ने दा जदूं जिगरा कीता
पीड़ें दे लशकरै उदी हद्ध गै नापी दित्ती।
में निहा तेरा जिकर करना, पर केह् करदा
तूं ऐ ही पीड़ मिगी–सर्ब–ब्यापी दित्ती।

बड़े संताप मिगी थ्होये न इस दुनियां कोला
पर मीं तवाऽ बी अल्ला नै संतापी दित्ती

किस्मत! आज मैं दिल खोलकर तेरे भेद खोलना चाहता हूं। मुझसे अकेले मिलना चाहती है पर जिस रोज भी मुझे भाग्य से थोड़ा भी मौका मिला तो सारा जहान नापना चाहता हूं।पर तभी किस्मत बोली कि अभी तो तुझे और रूलना है।

तूं चाहन्नी एं तां इक्कले मिलेआं नबेकलै
तुगी कलाबे मारिऐ गंदोलना ऐ में।
जिस रोज़ बी मिलग मिगी भागें दा पासकू–
अपने मकाबले च ज्हान तोलना ऐ में।

शकैत कीती किसमता कन्नै तां ओ बोल्ली
आल्ली ते तुगी होर बढ़ा रोलना ऐ में।

माहरें आंगर ऐ लिशक–बिशक कर।
उंदै गै शाना–बशाना मुशक कर।
कंजरी कसकें गी नीरन बंन्निऐ।
अपने काबुआ च कसक–कसक कर
जे 'वियोगी' लिखनी ऐ खरी नसर
मशक कर, तां मशक कर, तूं मशक कर।

गिला में कीता किसमता कन्नें तां ओ बोली,
आल्ली ते तुगी होर बड़ा रोलना ऐ में।

ए मेरा टैंट ऐ, खेडी लै आईऐ
भखे दा ऐटं ऐ, खेडी लै आईऐ
मता चिर रौह्नी नेईं ऐटां च गरमी
ए मैंटो–मैटं ऐ, खेडी लै आईऐ
'वियोगी' दी विदा लेई वाकी वचया
घड़ी सकैटं ऐ, खेड़ी लै आईऐ
में म्हेशां तरसे खादा माल्लियें गी जित्ती–जित्तिऐ
ते मेरी कामयावियें गितै ईऐ फड़ित्ती ऐ

अहमदाबाद
18.10.86
आज ऑपरेशन हो गया है।
कभी उसे नजरअंदाज न करो जो तुम्हारी बहुत परवाह करता हो, वरना किसी दिन तुम्हें अहसास होगा कि पत्थर जमा करते–करते तुमने हीरा गंवा दिया है। किसी के प्रति यदि लेशमात्र भी प्रेमभाव है तो उसे नज़रअंदाज़, अवहेलना या उपेक्षा मत करो। दिल चुराना कठिन नहीं है। प्रिय को गले लगा लेना श्रेयस्कर है। रूठे तो मना लो, ना को भी हामी में भर दो। वियोगी तो कृष्ण के भक्त हैं, अपना बना लो।

लेश–मातर जिसगी चाही लैन्नें आं अस।
घोटिऐ, गलै न, लाई लैन्नें आं अस।
दिल चुराना ते ममूली चीज ऐ
स्हाड़ै कन्नै तां मता रूसदी ऐ ओ
जेल्लै बी रूस्सै मनाई लैन्नें आं अस।
पोटें दे छोंदे गै, भोगी गरमिये
हामी नै हामी रलाई लैन्नें आं अस।
यारें कन्नै जे कोई रंजश होऐ
कालजा अपना गै खाई लैन्नें आं अस।
ब्हा–बलूनें दा असें गी शौक ऐ
चित्त अदंर ब्हा राही लैन्नें आं अस।
रोंदे–रोंदे यारें गी कुआलिऐ–
लैह्जे दे लाडै नै स्हाई लैन्नें आं अस।
अस ''वियोगी'' कृष्णा जी दे भगत आ
बर–जरूरत रोल पाई लैन्नें आं अस।

ओ मुसीबतों! वियोगी बड़ा संत है, उसे हर तरह से परख लो, उसे बहुत दूर जाना है, परख लो,उसे मौत का डर है या नहीं परख लोः

ओ 'वियोगी' सैतं ऐ, परखी लै आईऐ,

नामी मैहतं ऐ दिक्खी परखी लै आईऐं
चली जाना ई उन्नै दूर कुदरै,
बड़ा फ्रैतं ऐ परखी लै आईऐ।
मनुक्खी जीवना कन्नै मयूसी,
सदा जुड़ैत ऐ परखी लै आईऐ।
मिरे जीने दा टैंटा अल्ला–ताहल्ला,
तिरै प्रैतं ऐ परखी लै आईऐ।
मनुक्खी आतमा–परमातमा दा,
शुरू ऐतं ऐ, परखी लै आईऐ।
'वियोगी' मौती दा डर कावू करिऐ,
बड़ा निशचैतं ऐ परखी लै आईऐ।

वदकिसमती दा शरतिआ अलाज ऐ,
अपने आपे पर भ्रोसा चाही दा।

जीवन की अमुक साल की बात करो, ज़िंदगी के ज़र्रे–ज़र्रे की पहचान करो। पीड़ा भरा मन बोला– बात करने का यह मौका नहीं है। तुम कैसे थकान भरी 'मशक–मशक' की बात करते हो। जिन्होंने तुझे जींदे जी मरा समझा तो उनपर रीस करने से क्या होगा? मेरा व्यक्तित्व एक खुली किताब के समान है, उसमें कोई भी अच्छी–बुरी बात छुपी नहीं है।

छेड़ो नेईं गल्ल ओह्कड़े अमुक्क बर्हे दी,
नाका–कशी जिस कीती ऐ जीने दे दर्रे दी।
नज़रें दी दुनाली चली ही मुद्धतां पहलें
आल्ली बी पीड़ बाकी प छरे–छरे दी।
पनछान करो जिंदगी दे ज़रे–ज़रे दी।
पीड़ै गी जिगरा आखदा –मौका निं खजायो,
तुस कस्सी लैओ मशक–मशक हुट्टे–हरे दीं।
जे जींदे–जी करगे, तुसें गी मंतका समझाग
केह् फायदा ऐ रीस करिए मोये–मरे दी।
'वियोगी' दी शखसीयत ऐ इक खुल्ली दी कताब
छपैल निं कुसा थमां बी खुट्टे–खरे दी।

गरीब थकना क्या जाने? अर्थात गरीब को थकने का अधिकार नहीं है। वैसे ही सुखी लोग लुटना क्या जानें ? पीड़ा के ज़ख्मी मुसाफिर क्या जाने? मेरी फूटी किस्मत फूटना क्या जाने? मैं पाताल की थाह पहले ही पा गया था इसलिए जिंदगी को सूतना क्या?

गरीब जादे जानदे न हुट्टना ऐ केह?
परसे दा नंद साहव जादें लुट्टना ऐ केह?
ओ जानदे होई बी पुच्छै केह ऐ टुट्टया?
दिले हे सोआऽ ओहदै कारण टुट्टना ऐ केह?

जद पुट्टी ओड़ियां न जड़ां मेरियां उन्नै
किसमत नै दस्स होर मेरा पुट्टना ऐ केह?
पैंडे दा नंद लुट्टया जखमी मसाफरें
तमाश बी ने कंडै बैईऐ लुट्टना ऐ केह?

में पैहलें गै पातालै दी थाहें गी थागया
एहदे शा थल्लै जिंदगी नै सुट्टना ऐ केह?
झूरें गी इन्ना कुट्टया ब्हाऊ च उड्डेया
एहदे थमा बी महीन इसी कुट्टना ऐ केह?

तू मुझे छोड़कर कहां जा रही है? मैं भी तेरे साथ ही चलूंगा, जहां तू नहीं, वहां मुझे नहीं रहना है। तू मेरे मरूस्थलीय जीवन का नखलिस्तान है। लोगों के भीड़ भरे जंगल में मुझे नहीं रहना है।

मीं छोड़िऐ चली एं – तूं दस्स कोह्कै थ्हारै
मिम्मी ऐ उत्थें औना –तूं जाना जोह्कै थ्होरै
तिरै बगैर जीवन – में कट्टना ऐ कियां
जित्त्थें निं तूं, फी में बी– रौह्ना निं ओह्कै थ्हारै,

नखलेसतानी कुड़िये– मरूथलें च आईऐ
मेदें दी डाची चढ़िऐ– जागी तूं कोह्कै थ्हारै।

ओ आदमी ऐ असली– उसी मशहूर करदा–
औहं रमाईऐ धूनी–जेह्ड़ै भलोकै थ्हारै।

तूं जित्थें बी बुलागी– उत्थें गै आई जागा
जेह्दी मनाही करगी– जागा नि ओहकै थ्हारै।
मेरी लगन गी कोई– मेरे गुरूं गी दस्सै
में उत्थें उत्थें जन्नां–जंदे ओ जोहकै थ्होरे।

लुक्कें दे जंगलें च– रौह्ना निं में "वियोगी"
जम्मू गी छोड़ि देना– रौहना ऐ लौहकै थ्हारै।

जीवन रेगीस्थाना च में हिरणी हा तू चशमा ही
में तेरा खूजा हा मशूके तूं मेरी खुजाऊ ही
जीवन रेगीस्थाना दा नयाब तूं करिशमा ही
ते साढ़ी प्रीत–लीला सच्ची, छै लते टकाऊ ही
में जिन्ना कोल औन्दा हा तूं उन्नी दूर होन्दी ही

How I need a single frinzed night,
To take me out of myself without bar
To let my fancy roam far, a far
And not for ever with my worry fight.

हे ईश्वर! तूने मुझे थोड़े दिनों की खुशी देकर किश्तों में बेहिसाब पीड़ा दी है। पर वियोगी तो पीड़ा भोगकर भी इश्क करेगा।

खुदाबंद पीड़ देईऐ, बे–हसाबी किशतें च।
बुलांदा आदमी गी रलने तै फरिशतें च ।
मिरी, इस बाती दी पीड़ै, खलासी कद करनी
जिदा कोई जिकर हैन्नी बिदना दी फरिसतें च।
मिगी दो माह् देईऐ ईश्वर बड़ा खुश ऐ
ते मंगै करदा ऐ वापस इनें गी किशतें च।

'वियोगी' आखदा निं, ''उन्नै इशक नेईं करगा,
ओ पीड़ां भोगिऐ रलग जदूं फरिशतें च।"

सोचता हूं मेरी कहानी पंचतंत्र के उस तोते की कहानी है जो पेड़ की ऊँची डाली पर बैठकर टें–टें करता है। खुद एक पारस के समान है जिसको भी छूता है सोना बन जाता है पर खुद तो पत्थर ही है। बाहर से सारा बहुत खूबसूरत और आनंददायक लगता है पर अन्दर तो ख़िज़ाँ ही ख़िज़ाँ है।

सतचितानंद

ए कहानी ऐ पंज–तैतंरी उस तोते दै मुतल्लह्क
पर इसदा ऐ माहनू दे रिशतें नै गैहरा तल्लक
जीन हा, जिसनै बनना पारस, भक्ख बनाई दिंदे
अपने अलबम, आप दिक्खिऐ, आप–मुहारै हसदे
बाहरा–बाहरा ठीक–ठीक पर अदंर रोगी–रोगी
हामियां जिंदै अदंर होंदे खिंज–भ्रोचे झूरे
झूरे, जिंदै अदंर रौंह्दें मोये–मरे दे ड़ूरे
इस थमां बेहतर ऐ जे साथी इक दूये गी समझन
अपनी मरजी शा पहलें दूये दी मरजी पुच्छन
हिरखी मंगते बनने थ्हारै, बनन ओ हिरखी दानी
मैहरम दी लोड़ें गी पछानन, बोलन शीतल बानी
मैहरम दी मरजी गी समझन ओ अपनी गै मरजी
मैहरम गी नेईं अपने आप गी आखन ओ अलगरजी
किह्दे रौहन तां मरजी मताबक, मरजी मताबक वक्खरे
स्हारन इक दूये दे नोह्रे, इक दूये दे नखरे
ना गै बली चढ़ान ते नां गै बनन बली दे बक्करे
ना गै खौफ मनें बिच पाईयै करन मनै दे डक्करे
नमियें टाहलियें उप्पर बौंह्दे बैल्लै नेईं घवरान
कना–कना गी मेची–मेची सतचितनदं कमान।

ज़िंदगी में मुझे हमेशा पीड़ा, रंजिशें, घाटा ही घाटा मिला है। समाज में, रिश्तों में यारी में,हमेशा नुकसान ही उठाया है, कहीं कोई खुशी नहीं मिली है। पर एकमात्र इश्क ही है जहां थोड़ा सुकून मिला है। जहां मुझे स्वीकृति मिली है, अपने होने का अहसास हुआ है। रिश्ते, यार सभी मेरे पास आकर सोना हो गए पर मैं तो पत्थर ही रह गया, सिर्फ मां या इश्क ने ही मुझे सुख–शान्ति दी है पर अब ये क्षति यानी इस बीमारी से बहुत बड़ा नुकसान है। तेरा नुकसान, मेरा भी नुकसान है।

साधें गितै बरोबर होंदा ऐ बाद्धा–घाट्टा
तिरे गितै बरोबरः बाद्धा जां साधा, घाट्टा
मोई–मरी दी ईने रोना निहा दना बी
जे आप–इज्जती च पांदा निं बाधा, घाट्टा
में जद बी जिंदगी गी भागें सपुर्द कीता
मिरा तर्जुबा एह ऐ; मे म्हेशां खादा घाट्टा
तू मीं घोआलया तां चेतें शराप दित्ता
होऐ तुगी हमेशां ओ, ना–मुरादा घाट्टा
फलासफी दै ढाकै नेईं लाओ रंजशै गी
नफा–नफा ते घाटटा सिद्धा सादा घाट्टा
इक रोज यारियें दी मरदम शमारी करिऐ
मिगी पता हा लग्गा, वड़ा पवा दा घाट्टा
चट्टी भरी बथेरी, खटटी जरा नेईं कीती,
जुंगे दी हट्टी पाईए बड़ा गै खादा घाट्टा
इशकै दे ब्हा–वलूनें, राहने चा मीं वियोगी;
निही खवर जे होंदा, इन्ना ज्यादा घाट्टा।

सुनना दरकिनार सिर्फ दुखड़े बारै सोचियै,
दिल बगीचा सुक्कियै करादी ऐ के करचै।

अहमदाबाद

19. 10. 86

हे ईश्वर! मैं ख़ूबसूरत दुनिया देखना चाहता हूं, मैं कैंसर ग्रस्त श्रीमती को स्वस्थ देखना चाहता हूं , मैं इस कैंसर की पीड़ा की जगह हंसी–खुशी देखना चाहता हूं, मैं साथी के साथ सभी भोग चाहता हूं, अपने घर को सही सलामत देखना चाहता हूं, मैं अपनी त्याग–तपस्या से इस सती को फिर निरोग देखना चाहता हूं।

मती थमां मती गी दिक्कखना ऐ में
अती थमां अती अती गी दिक्खना ऐ में
थोड़ी गी दिक्खी ऐ मती गी दिक्खना ऐ में
दुनियां दी खूबसूरती गी दिक्खना ऐ में
कैंसर दा लाज तुप्पियै ब्रैहकड़ें बिच्चा
श्रीमत दी स्वस्थ मूरती गी दिक्खना ऐ में
जे लोड़ पौग, सुक्खने, सरीनियें राहें
कैंसर दी मुरदा मासती गी दिक्खना ऐ में
सड़कै दै गब्बै लेटिऐ बेहोश जन होईऐ
अपनी जरूरत दस्सनी ऐ में उसी जरूर
ते ओहदी बे–जरूरती गी दिक्खना ऐ में
इस देसै दी सलामती दिखदे निं बनेया घर
हुन घरै दी सलामती गी दिक्खना ऐ में
'वियोगी' दी तपस्सया दिखदे तां आखदे
जरूर इस सती–जती गी दिक्खना ऐ में

''जीवित चाबियों'' से सारे ताले खोले जा सकतें हैं वैसे ही ''जीन्दे तालों'' को किसी भी चाबी से खोला जा सकता है। ऐसे यार से मिलन पूरा आनंद देने वाला सच्चा प्यार होता है। सच्ची मोहब्बत में तन मिलना ही मन मिलना नहीं है वरन रूह मिलना ही मोहब्बत की चरम सीमा है।

तन ते मन

जिन्दी चाब्बिएं दै कन्नें साढ़े जन्दरे खु'ल्लन,
ते जिन्दे जन्दरें गी साढ़ियां सब चाब्बियां खोह्लन।
असेंगी मिलन ऐसे यार ते ऐसें गी अस मिलचै,
तां गै पूरा नन्द औन्दा ऐ हिरखी कलावे च।
सच्ची म्हबतें दी, रूह मलावा, चर्म सीमा ऐ,
बगैर रूह मलाबा होने दै म्हबत अधूरी ऐ।
तन होन्दा तां मन होन्दा, तन हैन्नी तां मन हैन्नी,
मन होन्दा तां तन होन्दा, मन हैन्नी तां तन हैन्नी।
में चुम्मी लेइयै पुच्छेआ केह हाल ऐ तुंदा
तां बोल्ले राजी–बाजी आं, आओ, फिरी करो।

अहमदाबाद

20–10–86

सप्तपदी– सात वचनों के निर्वाह की अक्षमता, पुरूषार्थ को लगी ठेस, मनुष्य को कितना व्याकुल, असहाय कर देती है, अपनी मर्दानगी पर भी शंका होती है। इक्कीस सालों का साथ एक संबल बनता है पर वही दुःख का कारण भी बन जाता हैं। जिसका मै मुहताज था आज वही मेरी मुहताज बनी है।

नामदरगी

(श्रीमत दे कैंसरी रोगै दै सामनै)

तेरा जिसम–तेरा जिसम
तेरी कसम–तेरा जिसम
त्रीमते–अकीमते
नमुल्लिये
ओ जिंदगी दी नेह्मते
जनानिये–मन–भानिये
असीमते
अल्लाह् दी मेहरबानिये!
तेरा जिसम–तेरा जिसम
तेरी कसम–तेरा जिसम
पंगोई आ–डंगोई आ
में केह करां ?
जेह्दा मुहताज आऊँ हा,
मेरा मुहताज होई आ।
तूं कदें ब्हौंदी निही
तूं कदें सौंदी निही
न चिल्लड़ी रौंहदी निही
मंगो तां थ्होंदी निही
ते टब्बरै ते टैंटें शा बेह्ली कदें होंदी निही

तेरा जिसम–तेरा जिसम
तेरी कसम–तेरा जिसम
पंगोई आ–डंगोई आ
में के करां
जेहदा मुहताज अऊँ हा
मेरा मुहताज होई आ।
कैसंरी रीड़ें दी भीड़
रीड़ा च भीड़े दी भीड़
भीड़ा दी नीड़ें दी भीड़
पीड़े गै पीड़ें दी भीड़
सिनका आंगू कैंसरी कीड़ें दी भीड़–
जिसमा बिच्च
तेरा जिसम–तेरा जिसम
तेरी कसम–तेरा जिसम

5.

तेरा जिसम–तेरा जिसम
तेरी कसम–तेरा जिसम
ओ जंगिये–ओ जुंविये
कदी मिये
ओ जिदगी दी संगिये
अदीमिये
'वियोगी' दी मूंह–मंगिय
तेरा जिसम–तेरा जिसम
तेरी कसम–तेरा जिसम
पंगोई आ–डगोई ओ
में केह् करां
जेहदा मुहताज अऊँ हा
मेरा मुहताज होई आ
तेरी निडर सपुर्दगी
चेतै ऐ तेरे मर्दगी
हमदर्द गी–हमदर्द गी
लेकन उदी नमर्दगी
करी नेंई सकदी दूरी तेरे एस धोगड़ दरद गी
नमर्दगी–नमर्दगी–नमर्दगी–नमर्दगी

अच्छी पत्नि गृहस्थी की आत्मा होती है। पत्नि हमेशा कुलतारिणी और भवतारिणी होती है। वहीं पति संसारतारिणी होता है।

धरिस्ती दी रूह

ओह्कड़ै दिन सारा ससतांदा ऐ ज्हान
कोई निं चौंनें च मैरू चारदा
कोई निं रूस्से मनांदा आह्नियै
जागतें गी कोई निं पुचकारदा
कोई निं सीना–परोना साम्भदा
कोई निं चुल्ले च अग्ग बालदा
जिंदड़ी दी टोरा दी रफतारा च
टोक आई जंदी ऐ ते सारा–समां
सेही होंदा ऐ कुसै गी बलगदा।
ज्हूदियें दे मज्हबा बिच इक्क–दिन,
हफते बिच होंदा ऐ विश्राम दा।
अपनी–अपनी अक्खियें गी मीटियै
ते ध्याड़ी दे सफर गी भुल्लिऐ
करदे न विश्राम जे जगालियां।
पर ओ मेरी भोलिये त्रीमते
तेरे तांई कोई बेहला वकत निं
ज्हूदियें आंगर कोई बी दिन निसो
मरदें आंगू सज़ा दा बिश्राम निं
वार निं, अवकाश निं, त्योहार निं
इक्क बी ते नामें तांई बार नेईं।
तेरी इस दुनियां गी चितां निं अखें
रात–दिन तूं हर घड़ी ते हर समै
टब्बरै दी गड्डिया गी रेड़नी
टब्बरै दे मूंहा उप्पर पर तिरा
भुल्लिऐ बी जिकर निं औंदा कदें

अशकें इसी तेरी बिलकुल लोड़ निं।
इक्क–दिन गै, प्यारिये, बस इक्क–दिन
कम्मा कोला हत्थ–पैर खिच्ची लै।
अपने हत्थें दे चिने दे तूं किले
अपनी अक्खियें नै हौंदे दिक्खी लै।
गल्ल में आखा ना बिलकुल साफ–साफ
नां कुंसै दे हक्कै च नां बरखलाफ
तूं गै साढ़ी जिदगी दी रूह एं
होर निं कोई, ऐ तूं गै तूं एं। -----

हिरखा दा इक तरल तोपा ऐसा किरया आनियै,
जीवन सागरै दी सारी कौड़तन पीन्दा गया।

सरके सरके सर से चुनरिया
लाज भरी अकखीयनें मे,
नैनो में निंदियां
निंदियां में सपने
सपनों में साजन जब से बसा
बहार आई जीवन में
नई शद्दत है तनम न में
इक रूप बसा है अक्खियों में।
–कुंवर वियोगी

भाई, बहन, नाते–रिश्तेदार, दोस्त और बरादरी वाले कहते हैं मुझे दुनियादारी नहीं आती है। पर मुझे जो ठीक लगा मैंने किया, अपने को नगण्य मानकर जीवन में अथक जूझता रहा, न मानो तो जांच लो...ओ बहनों, मैने पूरी ताकत से तुम्हें योग्य बनाने की कोशिश की, भाईयों तुम्हारे पोतड़े धोने से लेकर अफसर बनाने की अपने तरीके से कोशिश की, दोस्तों तुम्हारे साथ पूरी दोस्ती निभाई और हे

बरादरी वालों, तुम्हारी कमरतोड़ परंपराओं को मैने नहीं माना। आज तुम बड़े लोग हो गये हो, अब तो मेरे योगदान की छीछालेदारी मत करो, मैंने अपने जीने के साथ भले ही बेईमानी की पर तुम्हारे साथ अपने अनुसार अच्छा ही किया। पर यह तुम नहीं समझोगे। मै अकेला था, अकेला ही हूं पर अपने में सक्षम हूं। तुम अपने शहर में खुश रहो, तुम्हारा चारों तरफ यश फैले, और मुझे अपने अनुसार जीने दो। मेरे कर्मों का मैं ही जिम्मेदार हूं। मेरी कोई देनदारी नहीं है।

जवाबदारी

मिरे, भैहनो, भ्राओ , दोसतो, बरादरी–दारो
तुस जे आखा दे ओ ठीक गै तां आखा दे होगे

चलो मन्नी लेआ मीं जाच हैन्नी दुनियांदारी दी
चलो मन्नी ले आ जे मेरी कारी, ने हैन्नी कारी दी
चलो मन्नी ले आ, मेरे च त्रान, जोश हैन्नी सो
चलो मन्नी ले आ मीं जीने दी बी होश हैन्नी सो
तुस बालग ओ, सयाने ओ, बाल–बच्चें आले ओ

ओ भैहनो, मापे हे असें गी जेल्ले कल्ले छोड़ी गे
जदूं तंगी नै मेरी हसतिया दे हड्ड ठोले हे
जदूं मेरे शरीरा आसतै फट्टे दे टल्ले हे
जदूं मेरी सगीरी पर हे हसदे लोक म्हल्ले दे
तुसेंगी मैहंगें ते नेईं–छैल पर टल्ले लो आये हे
तुसाड़े वेश–वूशा पैहलें शा वेहतर वनाये हे
तुसाड़े लगन कीते खंदे ते पीदे घरें अंदर
तुसेई मान–मरयादा मिले जंदे घरें अंदर
में तुंदा मां–बब्ब हा,, में तुंदा बड्डा भाई हा
रवैईया मेरा, उस बेल्लै वी भैहनो पारसाई हा
हुन मेरी दुनियां दारी च ऐ कियां– खुट्टं आई आ

भ्राओ निक्के होंदे लै तुसाड़े नक्क बगदे हे
पजामें विच हे तुस मूतर दे, कच्छे च हगदे हे

तुसाड़े पोतड़े में अपने गै हत्थें नै धो दां हा
तुसे गी एहदी जाच दस्सने च नंद औंदा हा
तुसाड़े सुखने गी में संडिऐ बसीह कीता हा
तुसें गी बड्डी हीखियें हवालै फी कीता हा
ते हून, सारे तुस साहबे–जदैद–आऽला अफसर ओ
मुहताज नेईं कुसै दे, नां कुसै उप्पर मुनन्स्सर ओ
में तुंदा दोस्त ते फिलासफर ते–तुंदा राखा हा

ओह् मेरे दोसतो, इन्ना तुसेंगी याद गै होना
जे मेरी हीखी ही कवत्ता दे खुल्ले गासें च भौना
मीं लफजें दी परी नै अपने बस्सा बिच्च हा कीते दा
मिगी हा तोबरा चाढ़े दा उस सनी सलीते दे

मिरे बरादरीदारो तुस इन्ने तौले भुल्ली गे
में कियां तुंदी रूहे चा समाजी भोगड़ कडढे हे
ते कियां त्रोड़ेआ हा में कमर–त्रोड़ रसमें गी
आजाद इंदे शा कीता हा कियां तुंदी रूहें गी

मिरे, भनो, भराओ, दोस्तो, बरादरी–दारो
में तुंदा देनदार हैन्नी सो मेरे सुखी यारो
में पैह्लें बी छड़ा दित्ता ते हून मंगा दा किश निं
मिरे देने दे उप्पर हून बी लग्गे दा अंकुश निं
मिरी मरजी ऐ, तुस फुल्लो फलो धरिस्तियें अंदर
तुंदा यश फैली जा दुरेडी बसतियें अंदर
चिंता नेईं करो में, तुंदी बस्समें च नेई रौह्ना
में अपनी हसती गी नकारियै फक्कड़ निसो होना
तुसाड़ी सोझें शा परेडे कर्म–जोग न मेरे
रूहानी गुद्धे चेचे चिंतनी सजोंग न मेरे
'वियोगी' आं ते डाडे–डाडे सब 'वियोग' न मेरे

चलो मन्नी लेआ, मीं जीने दी बी होश हैन्नी सो
अवो बनो नां जडज, नां खडेरो मीं कटैहरे च
जद में आं अपनी बस्समां च तुस ओ अपने शैह्रें च
तुसें नां समझेआ, नां समझादे, नां समझना मिक्की
प बारै सोचियै तबीयत करेआं नेईं फिक्की

में आपूं–अपने आपैं तैं–अते आपें तै काफी आं
में जो किश आं ओ अपने होनी दी चेची तलाफी आं
छड़े चिंतमनी बनने दे तुस रवाजें गी भुल्लो
फिकरमंद मेरे तांईं रूहे दी बुआजें गी भुल्लो
तुस बालग ओ स्याने ओ बाल बच्चें आल्ले ओ
मिरे भैना, भराओ, दोसता–बरादरी दारो
रिजक मंगा, रिजक बदलै, बारीदार हैन्नी सो
में अपने कर्में तैं तुंदा जवावदार हैन्नी सो
जे औगे तुस तां सिर मत्थै–जे नेईं औगे तां ओ जाने -----

संसार ऐ इक गह्न भलेचा मिरे तांई,
दुयें गितै जो झूठे–सच्चा मिरे तांई।

कैंसर का मालूम होने पर वैसा ही धक्का लगा जैसे तबादले का सुनकर लगता है। हमारी आत्मा चोला बदलती है। जन्म होता है, शरीर फलता–फूलता है, अपना संसार बसाता है और समय आने पर पल–पल में क्षय होते अंततः शरीर छोड़ना पड़ता है। त्रिआयामी संसार से बहुआयामी संसार में प्रवेश करना होता है। एक जगह से दूसरी जगह जाना हरएक की नियति होती है। रेलयात्रा, जीवनयात्रा, नौकरी में एक स्थान से दूसरे स्थानांतरण–चाहे अल्पकालीन हों या दीर्घकालीन हों जाना होता है। बनाये मधुर संबंधों को छोड़ नयों के मध्य पुनः स्थापित करना होता है। तबादले का आदेश मिलते ही बैचेनी, विचलन और व्याकुलता घेर लेती है। फिर से बिस्तर बांधना कठिन, दुस्तर होता है। ऐसा क्यों? सर्वस्व लुटते देखना आसान नहीं होता है। इसे स्वीकारना ही कठिन परीक्षा है, एक बार स्वीकार करते ही परिदृश्य बदल जाता है। उस अवश्यंभावी को थोड़ा आसान बनाने में जुटना होता है। कैंसर का आभास होने की शंका सबसे कठिन घड़ियां होती हैं। आशा–निराशा के बीच संदेह, टैस्ट रिपोर्ट का इंतजार सबसे भयावह समय होता है। अनचाहे, क्रूर शत्रु से आंख मिलाने में डर लगता है, आंख बचाने का ही मन करता है।

पॉजिटिव रिपार्ट आते ही आंखों के सामने अंधेरा हो जाता है, निर्जीव हो जाते हैं, ज्ञान शून्य हो जाते हैं। कहीं कुछ गलत है? विश्वास नहीं होता है। कैंसर रिपोर्ट अस्सी–नब्बे के दशक में उस अवश्यंभावी का फरमान होता था। तबादला आदेश आ गया है उसे रोका नहीं जा सकता है, हां थोड़ा टाला जरूर जा सकता है। कैंसर के लिये शिक्षित करने वाले कैसेट्स में पहला वाक्य ही होता था.... मृत्यु का फरमान।

तबादला

भला होआ! भला होआ! भला होआ! भला होआ!
अखीर इत्थुआं "वियोगी" दा तबादला होआ।

एह् कोई थाह्र ऐ जित्थें कोई चंगी नौकरी करदा,
ते चंगी नौकरी करियै तबीयत रस–भरी करदा
ए ऐसा थाह्र ऐ जित्थें में जिन्नी बी खरी कीती,
भागें मेरै कन्नें बिलकुल उन्नी गै बुरी कीती।
में खुश आं एह्कड़े वतनै थमां तबादला होआ–!
भला होआ!
चौन्नैं–कूट्टें में खज्जल होआ तबादले तांई,
मगर कुसै निं कम्म कीता इस किसमत जले तांई।
जिसी बी आखां ओ पैह्लें, मिरा निशचा अटल दिक्ख।
फिरी र्हानगी कन्नै मिरी सूरत–शकल दिक्खै।
ते सुनियै नाह्–नकोरां दिला हा बेदिला होआ

जदूं मीं समझ आया जे तबादला अगर करना,
तां मरना चाही दा बंदे गी फ्ही जेकर पवै मरना।
फी तां गै अपने हत्थें गै में अपनी जान लेई लैती।
करनी पैह्लें जो करनी चाही दी ही करी लैती।
खतम तां मेरे पछोतायें दा सिलसला होआ।
भला होआ! ?
अखीर इत्थुआं "वियोगी" दा तबादला होआ।
भला होआ! भला होआ! भला होआ! भला होआ! --

जदूं दी मी सम्हाल ऐ, जदूं दी होश ऐ,
तसीर मेरी रुहा दी खानाबदोश ऐ।

सृष्टि जैसी है वैसी ही रहेगी, उसका आधार बदलता नहीं है। न ग्रह बदलेंगे न ग्रहपथ बदलेंगे, न धरती की धुरी बदलेगी। इसका केन्द्रबिंदु बनने की इच्छा हमेशा मनुष्य में बनी रहती है। समय के साथ दुनिया चलती रहती है, संसार रूकता नहीं, आना जाना लगा रहता है।

सिफर

सरिश्टी जियां ही रेही उआंगै
शरिश्टी दे अधार नेईं बदले
संसकारें दे निजम नेंईं बदले
निजमें दे संस्स्कार नेईं बदले
ग्रैहें बदलना निं ग्रैहयें पथें गी ते
धरती अपनी धुर बदलनी निं
एह् केंदर–बिंद् बनने दी ही हीखी
माह्नू दी सजीव रौहनी ऐ .....

धरती सूर्य का चक्कर लगाती है और चंद्रमा धरती का चक्कर लगाता है। सूरज की रोशनी ले चंद्रमा धरती को रोशन करता है और धरती पर चांदनी का सृजन होता है। ऐसे ही सच्चे प्रेम की रोशनी से मैं तुम्हें चांदनी देता हूं। मेरा सारा संसार तो तेरे इर्द–गिर्द ही घूमता है, तू ही मेरी धुरी है, तेरी ही रोशनी से मैं चमकता हूं। तू मेरी धरती, मै तेरा चांद हूं।

चाननी ते धरताननी..

धरत घुमदी चगिरद सूरज दै..
सूरजा दी रोशनी लेइयै,
चन्न ते धरतरी जियां,
चाननी–धरताननी सिर्जन,
अस दमैं हिरखै दे रिणकारी,
हिरख–भानू दी रोशनी लेइयै,
में तुगी आं चाननी दिन्नां,
तूं मिगी धरताननी दिन्नी,
हिरख–भानू दे गिरद तूं घुम्मैं,
गिरद तेरे में हर समै घुम्मां
चगिरद तेरे गै घुम्मने मूजब,
गिरद हिरखा दै फेरा पान्ना में,
पर तिरै चिगरद घुमदे लै,
हिरखा शा धरताननी लेइयै,
लैहंदे शा गै चाननी लेइयै,
लीकरा दा में तुगी चुम्मां,
मचन सारै हिरखै दियां धुम्मां।
तूं मिगी धरताननी दिन्नी,
हिरख–भानू दे गिरद हूं घुम्में,
गिरद तेरे में हर समै घुम्मां

जीवन की परीक्षायें यात्री को संबल देती हैं, कुछ पाने का अहसास कराती हैं। हर कठिनाई ऊँचे पहाड़ की चढ़ाई सी नज़र आती है, हर चढ़ाई दुनिया की सबसे ऊँची चढ़ाई लगती है पर चोटी पर पहुंचने पर लगता है नीचे खाई है पर अभी तो और ऊँची चढ़ाई पार करनी है। हर सफलता/असफलता आख़िरी नहीं होती है, उसके बाद भी बहुत कुछ है, जिसे पार करना है। कैंसर की लड़ाई भी ऐसी ही है, कभी लगता है ठीक हो रहा है, कभी फिर खाई में लुढ़क जाते हैं।

The day I looked up from its base, the cliff
Appeared to be, highest peak of earth.
Unconquered, unencircled, beau as if,
Admiring its own Hottentotish girth.

Me thought, to climb and conquer it was hard
But as my wish to do something was strong,
I started climbing yard by fearsome yard
Because I think inaction to be wrong.

Yard by dangerous yard as I climbed,
Uncounted higher cliffs came in view.
I felt my urge to climb was rightly timed
Because with sense of déjà vu I knew.

I wondered climbing, as the air cooled.
How easily can the ignorants be fooled.

(the mortals be befooled)

(“ when the curtains fall the best thing an actor can do is to go away.”)

हे भगवान! मेरी ज़िन्दगी के हर सफ़े पर पीड़ा के धब्बे क्यों हैं? तबादले के फरमान के बाद धीरे–धीरे लोग उस आघात से सम्हलते हैं । समय के साथ सत्य का परिचय होता है और हर हालत में उसे पचाने की अनजाने ही कोशिश शुरू हो जाती है। देवी–देवता से प्रश्नोत्तर होते हैं, अपनी गलतियों, कमियों को परखने का प्रयास होता है, सर्वशक्तिमान से शिकायतें होती हैं। धमकी दी जाती है, मनुहार की जाती है और आख़िर में समर्पण कर उसी पर सब छोड़ दिया जाता है।

दिक्खी लै काकलें दा ए थ'ब्बा मिरे यारा,
सफे–सफे पर पीड़ें दा धब्बा मिरे यारा।
लेई आंदा चुनियै जिंदगी दी बत्ता पर बगदे,
जो किश बी चंगा लग्गा ते लब्आ मिरे यारा।
तूं बड्डा ऐं सब्मनी थमां पर बोला ते हैन्नी,
की रीनी मेरी सुनदा निं, रब्बा मिरे यारा।
खब्बे गी पता दा होंदा निं आखदे,
सज्जा ऐ केह् नेईं जानदा खब्बा मिरे यारा।
मेरे दिला गी भुन्नियै, होन्नां ऐं की दुखी?
जेल्लै में एह्दा मारना चब्बा मिरे यारा

नगरोटा

31—12—1986

कैलेंडर, काल का हरबा है, ग्रह—पथ का लेखा है। अपने जीवन में इस कैलेंडर की कुछ तिथियों को यादकर हार्दिक प्रसन्नता का अनुभव करते हैं, वहीं कुछ को हम जानना भी नहीं चाहते हैं। एक अगस्त को पम्मी और मेरा गठबंधन हुआ था उसके बाद लगभग पन्द्रह दिन शिमला में हनीमून मनाया था और मेरा घर बसा था। उसके बाद छब्बीस सितंबर आता है जो एक त्यौहार स्वरूप है, कारण वह पम्मी का जन्मदिन होता है। एक दिन और प्यारा दिन है—चार सितंबर, यह मेरा जन्मदिन है। 31 दिसंबर 86 की रात तारीख बदलने वाली है, नया साल आने वाला है। इसका स्वागत सारा संसार कर रहा है पर रणधीर के अशान्त मन में साल बदलने का स्वागत नहीं वरन् रोकने का भरसक मानसिक प्रयत्न हो रहा था। घड़ी की सुई को रोकने का मन हो रहा था, बस चले तो सुईयों की घूमने की दिशा बदल दे। सन् 1986 को ही अस्तित्वहीन कर दे। इस कैलेंडर को ही फाड़ दे। बिल्ली को सामने देख चूहा आंख बंदकर सोचे कि बिल्ली चली गई। कैंसर काल के हरबे कैलेंडर को ही रणधीर फाड़ डालना चाहते थे।

कलैंडर—1

छेआसी ईसवी दा सामने मेरे कलैंडर ऐ
तरीक कत्तरी ऐ अज्ज ते म्हीना दसम्बर ऐ
अद्धीं रातीं लै अज मिलना ऐ इन्नै सतासी गी
पचासी पिछलै साल जियां मिलेआ हा छेआसी गी

अद्धे काकला उप्पर छपे दा दक्ख शिमले दा
मिगी चेता करा करदा ऐ अज लक्ख शिमले दा
पंजी साल पैहलें लाड़ी कन्नै में गया उत्थें
अकल—भलकेरमे में पंद्रांह दिन हा रेहा उत्थें

सारा साल दिखदा आयां में नजारा शिमले दा

क जियां जानना में भेत–शेत सारा शिमले दा
मगर छब्बी सतम्बर गिरद इक पैंसल दा घेरा ऐ
ए जेह्दा जनम दिन ऐ अजकल ऊऐ हाकम मेरा ऐ

मिरे ललेह्डुयें जेहड़े मिगी तोह्फे पुजाए हे
में इस दिन एह्के धाडुऐ दै थानै प चढ़ाए हे

कलैंडर–2

सतम्बर चार इक ममूली दिन ऐ बाकियें तांई
अवो ऐ मेरे तैं मखसूस अम्बर टाकियें तांईं
में इस दिन जम्मिऐ, में मन्नना थरथल्ली निं पाई
समे दी जांगली बिल्ली दै गलमै टल्ली निं पाई

ते भामें मेरी कारकरदगी दा दकख केह्रा ऐ
ए दिन प्यारा लगदा ऐ, जनम दिन कीजे मेरा ऐ
जदूं जजबें दै कन्नै लफजें दा संयोग होया हा
जदूं अलोपता नैं मिलने दा संजोग होया हा

मिरा जी करदा ऐ जे एह्कड़े दिनें गी छांटी लैं
छयासी दे कलैडंरा चा किश हैसे ठोआंटी लैं
उनें गी फी सतासी दे कलैंडरा च पाई ओड़ां
सतासी दी पनीरी गी यें इंदी पयूंद लाई ओड़ां

छेआसी ईसवी दा सामनै मेरै कलैंडर ऐ
ए पिछले साल्ला दे बहु मंजले मैह्ला दा खंडर ऐ

कलैंडर–3

अद्धी रातीं लै में ए कलैंडर फाड़ी देना ऐ
इसी माजी दी काल कोठड़ी च बाढ़ी देना ऐ
सतासी ईसवी गी घोटिऐ गलै नै लाना ऐ
छेआसी गी पचासी आंगर में फी भुल्ली जाना ऐ -----

वर्ष 1962 में मैं छुट्टियों में घर आया हुआ था और पम्मी को पहली बार एक फंक्शन में देखा था। देखते ही लगा मैं इसी से शादी करूंगा। और छानबीन करते, दीवानों के समान कालेज के चक्कर लगाकर सब पता किया और अपने माता–पिता को

अपना निर्णय बतलाया पर उन्होंने इतने बड़े घर की लड़की के यहां रिश्ता भेजने के लिए मना कर दिया। तब मैं खुद ही उसके बड़े भाई से मिला, उन लोगों ने कुण्डली मिलाने को कहा। मेरे घरवाले राजी ही नहीं थे और मेरी कोई कुंडली थी ही नहीं । बहुत कहने पर मां ने कुंडली मंगवाई और मिलान के लिए बात की। कुंडली आ गई। कुंडली मिल ही जावे इसके लिए मैं खुद ही कुंडली लेकर पंडित के पास गया बोला–मेरी कुंडली नहीं है, आप ऐसी कुंडली बनावें जो इस कुंडली से मिल जावे। थोड़े पैसे देने पर वह मान गया, और मेरी कुंडली बन गई। सारे गुण मिल गए। पंडित ने पम्मी की कुंडली की ही कॉपी कर दी थी। सब आश्चर्यचकित थे पर मां सब समझ गई थी, अब किसी को भी मना करने का कोई कारण नहीं था और हमारी सगाई हो गई। फिर एक अगस्त 1965 को हम एक सूत्र में बंध गए।

हनीमून काल में हम मशोबरा भी गए थे।

MOSHOBRA (Simla hills)

Where great Himalayas with Shivaliks meet.
Engulfed by towering pines. I think of it.
I once with Pammi visited this retreat,
Where once again I come and brooding sit,

Recapture blissful moments with my spouse,
With sweet remembrance I my love enhance,
For one enamored moment. every grouse ,
Is buried in this lovely circumstance.

For what enlivens this, my baffled self,
Is this that once so easily I harpooned?
My fears of all wants and lack of pelf;

When I with Pammi came and honeymooned

When selfsame fears come, existence haunt,
I think of it and conquer all my want.

हरखा दा इक तरल तोपा ऐसा किरया आनियै,
जीवन सागरै दी सारी कौड़तन पीन्दा गया।

बाद में हम एक बार पत्निटॉप भी गए थे। बहुत ही खुशनुमा था।

VISIT TO PATNI TOP WITH HER

When hand in hand in lovely woods we roamed,
Of pines and furs and birches so serene,
We hugged and kissed and laughed and now entombed,
In memory lies this happy happy scene.

Was every nook and corner by us combed-
What heady moments, what wild vagrant mood
Was ours. This love-laden aptitude
By lisping whispers of these veterans groomed.

Though gnarled by roaring winds, they brooding stand;
Time- honored, leafy cushions at their feat;
And pointing needles skywards in the air-
We hidden in their shadows hand in hand:

You whispered this to me in that retreat,
"All things are lovely when my love is here".

प्रेयसी का दर्शन सुखकर होता है, देख–देख कर मन भरता ही नहीं। स्पर्श इतना सुखकर सुकून देने वाला होता है कि संसार की व्यथा–कथा काफूर हो जाती है।

LOVE POEM

If mere touch of your beloved fingers,
Is sufficient to make me years younger,
Perform this miracle and rejoice,
Erasing every wrinkled nagging worry.

Your many pleasured presence and its flurry,
Your musical and cooing, honeyed voice;
Your thousand pleasured breasts, and my hunger,
For everything, in which your fragrance lingers,

Are elements so strongly volatile,
That if you hold me closely for a while,
Then limping years, with a tread virile,
Would flit me back along the endless mile,

To regions ere my birth- wholly lost;
In getting you—beyond my pathless past.

1. Love, is not all- eat, drink nor sleep, nor roof,
   nor strws for drowning men.
2. Love cannot full lunge- breath- nor clean blood-nor
   our bones- yet men die for want of love.
3. In difficult hour, it is possible for me to- when heart
   moans- or nugged by lack of will- I will see love

4. It is possible but I don't think, I would do that ever.

मिथुन–मोसम च मस्त साहन मुशकां सिधियै भामें,.....
अवो मीं दिक्खियै जनैन्त, जे कोई मुस्करादी ऐ,
मिरी हस्ती च खशबुआं गै खशबुआं फलान्दी एं।

मिथुन मरजी दमागा च जनम लैन्दी ते मरजी ऐ,
शरीरक मरजियें कन्नै सदा खिलवाड़ करदी ऐ।

वियोगी सोचते हैं––जिस रोज तूं बनी मिरी शरीक जिन्दगी,
उस रोजा थमां होई ठीक मेरी जिन्दगी।

पम्मी सोचती है कि हे बाबुल!–– मलंग वियोगी से मेरा ब्याह कराया जो बेपरवाह, नादान है पर मेरे को लाड़ से गले लगाया, उसे परखा तो वही मेरे जीवन का आधार बन गया है।

अपने हत्थें कन्नें बाबल जी तुसें व्याहियै मीं;
कीता हा हवालै सिरफिरे कुंवर वियोगी दै।
कुंवर वियोगी नैं सिरफेरमा वजद सखाईऐ मीं,
सपुर्द कीता हा अनमुक्कमी संभोग अग्गी दै।
नदीदा व्हाऊ नैं, मीं लाडै कन्नें मारियै जप्फी;
अपनी कुग्घली, मलूक गुणवृति गी देई दित्ता।
नतीजा एह् होआ जे हून ''वियोगी'' डौरा–भौरा ऐ,
ओह्दा जीन, जीन हैन्नी सो, जीने दा छौरा ऐ।

मेरी शादी एक मलंग से करवा दी, जिसे दुनियावी चीज़ों की परवाह नहीं है तो मुझे भी इन दुनियावी चीज़ों की जरूरत नहीं है। जैसे धरती–आकाश का जुड़ना है वैसा ही मेरा उसकी फकीरी पर फिदा होना है। उसे अपने को सौंपकर अब मुझे किसी दौलत की जरूरत नहीं है।

मदगमता

मिगी व्याहाया ऐ जद इक मंलगै कन्नें पापा जी,
मिगी जिमीं, जदैद, चीजें, वस्तें दी जयरत निं।
मिरे पर आशे ऐ ओह् अंगै–संगै कन्नें पापाजी;
मिगी दुनियावी ते दरूस्त रस्तें दी जरूरत निं।
जियां जुड़दी ऐ उफ्कै प धारती अम्बरै कन्नें,
बिलकुल उआं गै में आशक आं ओह्दी फकीरी प।
ओह्दे होन्दे होई मीं दौलतें दी लोड़ निं पौन्दी,
मैथुन प्रेमी, पुलिंग, नर मिरा, सिंधी, संभोगी ऐ,
ते ओह्दा पूरा नां रणधीर सिंह कुंवर वियोगी ऐ।

प्रेम में भीगे एकमात्र साथी तक दुनिया सीमित होने से जंगल में भी मंगल होता है, महल हो या झोंपड़ी हो कोई फर्क नहीं पड़ता है।

Ah! Once upon a time, there lived a chief
Who had a beautiful and charming wife
Can live like kings and not like cowering slaves.

मेरा जीवन सामान्य लड़कियों के समान सरल नहीं रहा है। समाज की सामान्य रीति–रिवाजों , मान्यताओं से परे ही कुछ करने का रहा है। भरे–पूरे संयुक्त परिवार ने अनजाने में ही लाड़–प्यार से एक dominating personality को जन्म दे दिया था। घर में सभी डॉक्टर–वैद्य थे, मैने साइंस–मैथ्स् लिया। फर्स्टइयर के बाद सहेली का इंजिनियरिंग में एडमिशन न होने से मैने इंजिनियरींग में जॉइन नहीं किया। बीएससी के बाद विदिशा इंजिनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हुआ, तब मेरी सहेली का बीएआरसी में हो गया, घरवालों ने मुझे 1968 में ट्राम्बे जाने नहीं दिया और वह चली गयी। मैंने इन्दौर ही छोड़ दिया, होल्कर कॉलेज में सहेली के बिना कैसे पढ़ती ? हमारे घर का वातावरण बड़ा ही सात्विक था। बहुतसे उपन्यास,पत्र–पत्रिकायें

आतीं थीं। पति–पत्नि का संबध ज्ञान चुंबन तक सीमित था। परिवार ने मुझे स्वतंत्र व्यक्तित्व, एरोगेंस और सही–गलत की पहचान दी थी। सच और ईमानदारी के लिये किसी भी सीमा तक जाने का माद्दा दिया था। फिजिक्स में तब कम ही लड़कियां होती थीं । गर्वमेंट कॉलेज में M.Sc.में दो ही लड़कियां थीं, पहले दिन ही उसने अपनी एमसी की परेशानी बतलाई, तो मन में निश्चित हो गया कि यह सहेली बनाने लायक नहीं है। हमारे यहां लड़के–लड़की का भेद नहीं था। एक क्लासमेट जो अति प्रतिभाशाली, इन्नोवेटिव और दबंग था उससे मेरी दोस्ती हो गयी। दोस्ती का अर्थ हमेशा से मेरे लिए ''दोस्ती'' रहा था, पक्की दोस्ती। कुछ सालों बाद उसका बाईक पर एक्सिडेंट हो गया, बहुत ही भयानक था। बारह दिनों के कोमा के बाद होश आया था। ब्रेनइंजरी के साथ चेहरे का दाहिना भाग, कान, आंख व जबड़ा सभी क्षतिग्रस्त हो गये थे। देश के बड़े विशेषज्ञों से मशवरा किया, सब बोले आशा नहीं है पर उसके नामी डॉक्टर पिता बोले इसे कुछ नहीं होगा। एक सुदर्शन–स्मार्ट लड़के को ये क्या हो गया? होश आने पर धीरे–धीरे सब मालूम होने पर वो भविष्य के अंधेरे में टूटने लगा, जॉब पर जाना नहीं हो सकता था। कुछ महिनों के बाद लगा, ये दोस्त तो टूटता जा रहा है, कैसे बचाऊँ? उसके साथ किसी साथी को होना चाहिए, हमने बात की और शादी के लिए तैयार हो गए।

उसके अतिसमृद्ध, पढ़े–लिखे conservative परिवार वाले राजी थे। मेरे परिवार में सभी डॉक्टर थे, उन्होंने मुझे wait and watch की सलाह दी। पर सोचने के लिए महिने–साल नहीं थे और शादी हो गई। धीरे–धीरे चोट के सब निशान साफ हो

गए। हम सभी उस एक्सिडेंट को भूल चुके थे कि दस साल बाद अचानक ब्रेनइंजरी से बने हिमेटोमा ने हमारी कहानी का पटाक्षेप कर दिया। ये क्या हो गया? सोचते एक आंसू भी नहीं आया, दिमाग में जलजला आया था , हर वक्त दिमाग में झनझनाहट और उबाल महसूस होता रहता था। आर्थिक रूप से मैं आत्मनिर्भर थी।

फिर छः साल बाद भाग्य ने ग्रुपकैप्टन रणधीर सिंह से मिलाया जो जोधपुर में पोस्टेड थे। हम दोनों ही अपने साथी से बिछुड़े हुए थे। इनका घाव हरा था पर फिर जीने की कोशिश कर रहे थे, डूबते को तिनके का सहारा चाहिए था। मेरे मन में भी दुविधा थी कि इस उम्र में, अपने पूर्व अनुभवों, जख्मों के साथ, बिलकुल अलग पारिवारिक वातावरण और तीन grown-up girls के साथ कैसे एडजस्टमेंट होगा?

नवंबर 1988 में हम संपर्क में आये और 2 दिसंबर को हम कुछ देर के लिए पहली बार मिले। अगले दिन फिर मिले, अच्छा लगा और रणधीर ने प्रपोज किया, पर मैं इसके लिये तैयार नहीं थी, इसलिए समय मांगा। सब बड़ा कठिन था। पर इनकी साफगोई से स्थिति सामान्य हो पाई थी। बहुत बातें हुईं। पर ऐसी विचित्र स्थिति में यदि कभी आप पड़े हों तो समझ सकतें हैं कि जो आप पूछना चाहतें हैं वो पूछ नहीं पाते हैं, जो कहना चाहते हैं वो कह नहीं पाते, जो जानना चाहते हैं वह जान नहीं पाते, बस घबराहट सवार रहती है। दिमाग के किसी कोने में चुभता है कि कहीं हम हमारे पहले साथी के विरूद्ध तो नहीं जा रहें है और इस उलझन में हम अपने साथी की बात ही करते जाते हैं। 21/12/88 को रणधीर ने कुछ ऐसा ही महसूस किया था। इन्होनें अपनी डायरी में लिखा.....

Something there is about a withheld tear ,
Something much important yet unsaid,
Some message undefined and unclear,
Some urgent missive unheeded, unread.

Something there is about a tear unshed,
A vibrant sentiment unexpressed,
Or like a lethal wound which has bled
And filled the ins though outs are neatly dressed.

Or feeling inexpressible by words,
A saber which has not been yet unsheathed;
An acid playing havoc with innards
Like toxic air inhaled and unbreathed.

There is something about an unshed tear,
Which may be full of promise or of fear.

18-12-88

Ah! There is something magical, divine,
In the crystal, first born, star-kissed dew.
The night is done but dawn has not yet dawned.
The day is in but sun has not yet risen.
The leaves are all dew-laden, newly spawned.
The time is like ethereal plantain vision.
Soon the sun will rise and drops of dew,
Will turn into a leafy rivulet.
And this process without much ado.

The surface of the Earth will be wet.
Something there is, I often find in you
The fragile virginity of newborn dew

दिसबंर अन्त में हम फिर मिले, तब तक संकोच थोड़ा कम हो गया था, काफी बातें हुईं। मेरे मन में शंकाओं, अनिश्चितताओं का घमासान मचा था। बहुत सारे किन्तु परन्तु थे। व्यक्ति के पूर्व अनुभव सबसे बाधक होते हैं। नये लोगों से तालमेल बिठाना सबसे कठिन था। कारण मुझे इसकी आदत नहीं थी। ये सब मेरे निजी जीवन को प्रभावित करने वाले थे।

10–1–89 को एक ही दिन में उन्होंने आठ पत्र लिखे, आठों पत्र Sonnet के द्वारा ही लिखे गये थे। उनके विचार भी लय–ताल में आते थे, 14 पंक्तियों के छंद में लिखते चले जाते थे। उनको जोड़ना या बुनना नहीं पड़ता था। और उस दिन शाम को ही आ गए अपना जवाब लेने के लिए।

10-1-89

When you with downcast eyes sit and think
I plead with you to raise your head and see
The truth into the eyes and slowly drink
The Love's nectar, outpouring from me.

I lift your chin and make you raise your head
And make you see into my loving eyes.
A quickening, quickly, weary Time's tread;
A stirring dead emotions, dormant sighs.

You look at me with fear and confusion,
And ask me why you should and why you must
Believe in faithless world. Your confusion

Is based on jilted faith and cheated trust.

I think, my dearest Sudha that I should
Repeat that love is great and life is good.

10-1-89

I just talked to you on phone
And heard your ringing, singing, lovely voice
And wished to, in your charms, dive and drown,
Because for me, there is no other choice.

The laughter in your voice was loud and clear;
Inflexions of your words were intimate;
I wished that you were near me, my dear,
And see me when I strongly reiterate

That I was lonely, lovely, sorely hampered,
When you were brought to me by happenstance,
When I was, by your bubbling person, conquered-
When due to you, inhibitions stood no chance.

When in a fleeting, blissful single day
You stole me from myself and had your say.

10.1.89

I don't belong to the breed of men who just
Indulge in casual sex for fleeting pleasure.
And I must tell you this. I must, I must.
They cheapen Love and empty love's treasure.

My dearest Sudha, you must understand
That men like me are slow but are forever,
And they are not the least, great and grand.

Nor worldly-wise, nor practical, nor clever

But they are constant in their word and deed
And when they take their mates in their arms,
They satisfy their partner's every need
By giving endless love in lien of charms.

"Viyogi" therefore says, "become my wife".
"And let me, with my love, engulf your life".

10.1.89

Today I am brimming with confusions.
My mind is full of hapless, hopeless dread.
And when I see your psyche's ill illusions,
An undefined fear, fills my head.

When you are next to me, to warm my life
I suddenly remember, you are far,
I want a real home, a real wife.
But fear to leave my hearts' door ajar.

You dwell on past rejections more and more,
When I propose to make a Home with you.
I cannot fully open heart's door
For fear of human nature's feckless loo,

Which sears and impairs and encumbers,
The future "Home" on past's glowing embers.

10-1-89

My darling, when I wrote to you to-day
My words outpoured from me in dizzy state
But then I wondered, what I want to say
Will reach you on some future far off date.

This thought was entertained and doubt was hosted.
With every word I wrote, it grew and grew-
My letter was completed, sealed and posted
But I remained unhappy. This I knew.

And in this sorry state of mind, I erred,
In wondering, what to think and what to do?
Because, because of this my need bestirred,
And due to this I rushed and came to you.

With love, I knew, my letter will be read
But it was good to reach you in its stead.

तेरे औने मूजवी घटना वचित्तर होई गयी,
सारी दी सारी नमोशी तित्तर–वित्तर होई गयी।

हमारे जीवन के गहरे सागर में एक तूफान आ गया था। ठीक से फैसला लेने की मेरी क्षमता तो गायब हो गई थी। एक बात सच थी कि इन्होंने अपने कुनबे की जिम्मेदारी अपने मन से ली थी और पिता के समान बड़ा किया था। इसलिए लगा कि ऐसा व्यक्ति मुझ जैसे स्वभाव वाली को निभा लेगा। एक वायुसेना अधिकारी जो संकट में आकाश में धीर, गंभीर और त्वरित निर्णयशक्ति (quick decision power) वाला, ईमानदार, वफादार पति, विद्वान, संवेदनशील प्रसिद्ध पुरस्कार प्राप्त कवि था,शायद अच्छा दोस्त हो सके। अकेलेपन और दिमाग में उठते जलजले से छुटकारा पाना चाहती थी। अतः सब भगवान पर छोड़ दिया। इनके शब्दों में.....

"when the bridge will come , we will cross it"

RIGHT TIME

I agree, road of life is long and rough,
And full of humiliations and travails,
Enough is when enough of it entails,
For us to say enough is now enough.
Is facing hurdles as they come to pass,
And crosses bridges when they come across. ----

काश ए होऐ जे मेरा भूत–काल नेईं रवै,
भविक्खा उप्पर वर्तमान दा जवाब नेईं रवै,

दुनिया में हर व्यक्ति अनोखा होता है, बेजोड़ होता है। दो व्यक्ति कभी भी समान नहीं हो सकते हैं। इसलिए दो व्यक्तित्वों की तुलना नहीं करनी चाहिए, चाहे वो दो पुरूष या स्त्रीयां ही क्यों न हो।

INDIVIDUALITY

Every hand has different finger-prints
And every person separate rational
The children springing from your heated loins
Are made by inter-action of your genes
This characteristic no commonality enjoins
Though common it appears, simply means;
The children born to you are not your own;
The surely come from you, but not from you
You can't erase or add a single dot
In this design of nature- venture not.

18 मार्च 89 को हमारी शादी हो गयी। रणधीर का 31 मार्च 89 को (VRS) रिटायरमेंट हो गया। हम अजमेर आ गये जहां मैं नौकरी कर रही थी। सब ठीक था पर विचारों के एकान्त में रणधीर अपनी पत्नि पम्मी को याद करते और लिखते थे, मन में कहीं बैचेनी थी।

शादी के बाद लगभग 5–6 महिनों तक लगा मैं किसी दूसरे ही संसार में आ गयी हूं। इनका अतिरिक्त ध्यान रखना मुझे असहज कर रहा था। सबसे पहिले मेरा पूरा चेकअप करवाया और सारे टेस्ट करवाये। बचपन में आम के पेड़ से गिरने से उपर के दो incisors टूट गये थे, सब परेशान थे कि ये वापस आयेगें या नहीं , बड़े होने पर आये पर पिछले 2–3 सालों से ठंड में परेशान कर रहे थे। उन्हें निकलवा दिया गया। बचपन से मुझे सर दुखता था, जिसके लिये मेरी खूब देख–भाल की गई थी पर कुछ ठीक नहीं हुआ।
मेरा septum थोड़ा मुड़ गया था तो septorhinoplasty करवायी। घर तो चिकित्सकों से भरा पड़ा था , सब हंसते थे कि अब पकड़ में आयी है। पूरा overhauling हो रहा था। रणधीर मेरे किसी नाखून में भी दर्द नहीं चाहते थे। पर एक फायदा तो हुआ कि माइग्रेन जैसे दर्द से छुटकारा मिल गया था।

उन दिनों कई बार रात को नींद उड़ जाती थी तो देखती ये जागे हुए हैं ओर एकटक मुझे देख रहे हैं। पूछती क्या हुआ है? बोलते नींद नहीं आ रही है। ये सब मुझे परेशान करता था। जानती थी कि ये मुझे देखते हुए भी मुझे नहीं देख रहें है। किसी ओर को ही देख रहे हैं।

जब भी कोई टेंशन होता या उलझन होती है तो सबसे पहले अपने साथी को बगैर कहे ही मालूम हो जाती है, दोस्ती पक्की हो तो आप यदि हां की जगह ना कह रहे हो

तो दोस्त को मालूम रहता है कि हां ही कह रहे हो, कैसे? शायद ऐसे.....

ENDEARMENTS

Tales behind the wrinkles on your face,
Are known to me in intimate details,
And hide no threat or burden some menace,
Or indicate no anguish or travail,
And right below your folds of wrinkles lie,
The blooming ruddy roses of your youth,
Which set me once afire, can't belie,
The passage of the years, tell the truth
But sparkle in your eyes blazing forth,
Is telling me a story of its own

वो मुझे उत्तरवाहिनी कहते थे ..... इतनी असमानताओं के बाद भी हम दोनों का मूल स्वभाव समान था। ईमानदारी, वफा, साफगोई, परिवार के लिए कुछ भी कर गुजरना, ख्याल रखना, सादगी के साथ जीवन जीने की इच्छा। अच्छी चीज के लिए परंपराओं के विरूद्ध कार्य करने में झिझकना नहीं और सकारात्मकता के लिए किसी की परवाह न करना जो समाज में अधिक प्रशंसनीय कार्य नहीं है।

TOGETHER WE CAN REALLY GO TO TOWN

When all adjoining rivulets are flowing
According to the gradient of the plain,
To worth, What is the Utterbehni doing
By flowing north against the common grain?

But if like me it knows where it is going,
There, I will let and leave it on its own,
For as the unban settlements are growing,
I am on my way out of the town.

Perhaps, the Uttarbehni doesn't know
That like it, I am also, all alone,
Against the common grain I also flow
Together we can really go to town.

For I will make a hut upon its shore
And neither will be lonely any more.

हम दोनों के दिल–दिमाग में अपने सद्यदुःखों के जलजले थे, उनसे पार पाने के लिए जीवनधारा को मोड़ना चाह रहे थे पर प्रचंड धारा को मोड़ना इतना आसान कहां होता है?

SUUDS

Are we ONE my love, if not, then why?
Oh! why the holding back of total love?
Believe me when I think of this, I cry,
My witnesses are the sky and God above.

Why not complete acceptance, total giving?
Why not loving acceptance of the faults?
Why not the blissful, blessed, lovely LIVING?
Why not the facing of necessary halts?

Why dwell on fantasies and long past hurts?
Why live on falsehoods and false appearance?
My love when True Love Truly Exerts
With giving, patience, fortitude, forbearance

Then only the miracle of love happens
And only then the joy of life sharpens.

शादी के बाद मुझे महसूस हुआ कि इनके घाव अभी हरे हैं। हम में चाहत है, स्वीकार्यता है, अपने घोर अकेलेपन और एक ईमानदार साथी की इच्छा ने हमें मिलाया है। जरूरत से ज्यादा केयर करने को हम प्यार नहीं कह सकते हैं। हमारी उपस्थिति/ सानिध्य एक दूसरे के लिए बहुत ही रूचिकर था। एक भावनात्मक लगाव था पर घाव अभी हरा था। मुझे लगा इनकी पत्नि–'प्रेम'–पम्मी के बारे में बहुत बातें करनी चाहिए जिससे मन की इच्छा व यादें मन में ही न घुटें, सब बाहर आए। इस बीच हमने देहली में श्री महेश योगी का Transcendental Meditation का 15 दिनों का कोर्स भी किया था। इसका जिकरा गीता में भी है। मनोवैज्ञानिक सत्य है कि परेशान करनेवाले सभी विचार जब बारबार सतह पर आते हैं तो वे प्रभावहीन होते जाते हैं। जैसा मैं मानती थी कि हम अपने साथी को कभी भी भूल नहीं सकते हैं तो उसे भुलाने का सजग प्रयास अर्थहीन है। अगर साथी से सच्चा गंभीर प्यार रहा है तो इस संसार में वही तो ऐसा व्यक्ति है जो हमें सच्ची प्रसन्नता देता था। तो उसकी यादों से हमें दुःख क्यों हो? उसकी मधुर यादें तो जीवन का संबल होनी चाहिए।

उसे भूलने का प्रयास क्यों? उसे तो हरवक्त हमारे साथ होना चाहिए। हमारे जीवन में होने वाले सभी कार्यकलापों में उसकी याद तो खुश करने वाली होनी चाहिए। साथी की या जीवन की अच्छी–बुरी यादों, नितांत निजी यादों को व्यक्ति अपने पति

या पत्नि से नहीं कहेगा तो किससे कहेगा? अपने पति या पत्नि से अपनी निजी बातों की चर्चा एक स्वस्थ दांपत्य जीवन का परिचायक है। अगर इसमें ज़रा भी ईष्या–द्वेष आये तो आपसी संबंधों में खतरे की घंटी है। इस सोच की चर्चा और अमल ने हमें और नजदीक ला दिया, हम पति–पत्नि से ज्यादा एक दूसरे के दोस्त बन गए।

TRUE FRIEND

One who from friends in adversity recoils
The greatest ornament of love impairs
When friends are down and out, in a bind,
He quickly comes and on their side appears

And stands up to be counted. All unkind,
Resentful humiliations with them bears.
Without a word of pity uttered, said
He with his very gift of presence shares

Their grief in mute defiance, of the dead
And hopeless hopes and fearful woes and oars.
That flow like molten lead, through his heart,
A true friend this way plays his humble part.

एक दूसरे के साथ किसी भी अवसर पर कोई भी अच्छी–बुरी याद अवसर की मधुरता को बढाती ही है।
समाज या परिवार के दिए जख्मों को भी हम अनजाने में सहला लेते थे। परिवार, समाज के दिये जख्म कई रंजिशों को जन्म देते हैं। बातें पुरानी होने पर लगता है कि हम उन्हें भूल

गए हैं पर वैसा ही कुछ देखने–सुनने पर वो फिर याद आ जाती हैं।

जीवन मे बड़े उतार–चढ़ाव के बाद अक्सर सारा संसार निरर्थक लगता है। जन्म–मरण, सुख–दुःख, अपना–पराया सभी तथ्यहीन लगता है। यह सब झूठा है, सपना है। यह वैराग्य अल्पकालीन और दीर्घकालीन हो सकता है। अल्पकालीन वैराग्य को अक्सर श्मशान वैराग्य कहते हैं।

सपना

हमें स्वयं अपने जीवन से
घृणा नहीं तो स्नेह भी नहीं
मन तो क्या अपने बस में तो
कुच्छ भी नहीं यह देह भी नहीं
अपना–आप भुला कर बैठे
जग को भी पहचाना नां
कोई ठिकाना, कोई घरौंदा
अपना नां, बैगाना नां
असमन्जश में जब कोई बैठा
मानुस हा–हा कार करे
उसको चाहिये तनिक सम्भलकर
बस यह सोच–विचार करे

अपनापन अपना कर देखो
अपना क्या–बैगाना क्या
सच्च के खोजू–सच्च मिले तो
सच्च समझ घबराना क्या
स्वयं ही पीड़ा–स्वयं ही पापी
वही स्वयं है पीड़ित भी
स्वंय पिलाऊँ, स्वंय प्याकड़
स्वंय मनाता दावत भी

मरूस्थल की मृगतृश्णा जैसा
सब–वैगाना अपना है।
दुःख को भूल जाये जो समझे
यह जीवन तो सपना है। .....कुंवर वियोगी

ज़िन्दगी का सफर, है ये कैसा सफर? बड़ा अनोखा है, इसे कोई समझ नहीं सकता है। तो क्यों न हम इस जीवन को जियें? खुशी–खुशी जियें?

आओ जी लै चै

जिन्दगी दे पैन्डे न औखे वड़े
जिन्दगी दै पैन्उे न औख वड़े

1

गल्ल सुनी लै मेरी मेरे याकता
मूहां दा निकली वड़ी बेसाखता
गन्ड वन्नी लै खुदा दा वासतां
चल रमां कन्ने हमेशां आसता
थारै थारै न मड़ा दुशमन खड़े
जिन्दगी दे पैन्डे न औखे वड़े

प्रेमी जन्दे न गड़ाके मारदे
तूई तेरे भाक–झांके खारदे
मुशकलें च मसत जन्दे जारदे
लक्ख मारू मुशकलें गी सहारदे
भान्गड़े पान्दे ए जन्दे रान्गड़े
जिन्दगी दे पैन्डे न औखे वड़े --------

मनुष्य का जीवन क्या है? जीवन मुट्ठी भर मिट्टी है, जिसे साम–दाम–दण्ड–भेद नीति से जिया जाता है। समय ही बलवान है।

मिट्टिया दी मुटठ

मिट्टिया दी मुट्ठ ऐ जीना मेरा
सगमी मार कुट्ट ऐ जीना मेरा
हारने गी हारना जानै नैईं
दुशमनें गी खातरी आनै नैईं
छोड़दा हुयतां कुसै वानै नैईं
ठानदा ए जो कोई ठानै नैई
मूड़ मत्तू चुट्ट ऐ जीना मेरा
जिन्दगी च जीन जीना सखत ऐ
जिन्दगी दा मूड़ राजा वकत ऐ
ते एदी मारू मारे वी यकलखत ऐ
रकत में दिन्नां ए पीन्दा रकत ऐ
लाल सुआ घुट्ट ऐ जीना मेरा
कैन्कोगैला सायें दा जीना मेरा
ते खतोला चायें दा जीना मेरा
तोला तोला लायें दा जीना मेरा
ते वगोला धायें दा जीना मेरा
वे सुआरी लुट्ट ऐ जीना मेरा ----

साथ रहते–रहते बहुत सारे परिवर्तनों को मैं खुशी–खुशी स्वीकार करना सीख रही थी पर इस वातावरण में दबाव भी बढ़ता जा रहा था। इस मानसिक प्रहार दबाव से बचाव के लिये जो किया वह और हानिकारक हुआ।

A young and lovely sparrow upward looked,
She is a lovely sparrow, have no doubt.
Her loveliness is within and without,
And to the top best branch her heart was hooked.

To perch and peer on it, she did aspire,

She wished to take to wings and sit on it.
I counseled her to fulfill her desire,
She ought to tackle levels bit by bit.

And ought to know the labor it presages,
Before aspiring for the wanted heights,
And ought to understand the various stages
Of mastering the art of soaring flights.

But the lovely sparrow did not see,
My point and hence we agreed to disagree

She launched herself upwards in her haste,
Got tangled in the branches and the leaves.
Her effort ended in a bruised waste.
With downward hanging head she sorely grieves

With more than wounded limbs bruised flesh,
Under the spell of soul destroying blues,
Which have spun a byzantine mesh,
Around her person without any clues.

For coming out of it and extricate
Her mind frowning state and privacy,
As all the indicators indicate,
It merely is an old woman's tale.

That opportunities, once only knocks.
That chance not taken , future chance blocks.

पम्मी ने इनके परिवार को असमय ही सम्हालने में मदद की थी, पूरे तन–मन से सहायता की थी, अभावों को प्रसन्नता से स्वीकार किया था। मकान को घर बनाने में एक विश्वास का

वातावरण दिया, बगैर रंजिशों के स्वस्थ वातावरण दिया। इस सबके लिए असीम सहनशक्ति की जरूरत होती है। उस महिला के लिए मैं अन्दर से आदर अनुभव करती हूं । पम्मी से मुझे कभी ईर्ष्या–द्वेष नहीं हुआ। सिर्फ आदर भाव ही रहा। उनकी विवाह की वर्षगांठ एक अगस्त थी।

IN TIME WITH 2 AUG.

I often think and hope in hopeless hope
For some forgotten tunnels to escape ,
In darkened corridors of mind, I grope
For, freedom, from the life's perpetual rape.

When, no escape I find from cruel strife
Which so remorseless hammers at my guts ,
I come to understand that this is life,
And quietly check my useless ifs and buts.

I make amends for all my gutless days
By firm decision. Hope to end all this
And spend my after – life in peaceful bays
Where rule the gentle waves, eternal bliss.

But if have even then no peace of mind
What method of escape then shall I find?

इन्होंने जम्मू बसने की सोची और वहां जॉब भी मिल गई। मैंने भी नौकरी छोड़ने हेतू आवेदन किया पर इजाजत नहीं मिली और प्रमोशन–ट्रांसफर मांडल हो गया। ये जम्मू चले गए। हमने सोचा कि ट्रॅान्सफर होने पर भी तो अलग रहना होता है। लगभग दो साल ये जम्मू रहे, 2–3 बार मांडल भी आये।

अंग्रेज़ी अखबार में एडिटोरियल लिखते–लिखते डोगरी का एक पेज का अखबार निकालने में सहायता की। शुरू में अखबार की सामग्री, एडिटिंग सब खुद करना होता था। अपनी कितनी ही रचनायें तब छप तो गईं पर इनके साहित्य खजाने से गायब हो गईं। तब से ही एक नियमित कॉलम, ''पते दी गल्ल'' लिखना शुरू किया। यहां रणधीर के जीवन में फिर से परिवर्तन आया था। अनायास आये इस मौके का रणधीर ने खूब मजा लिया। जीवन में पत्रकार भी बनना चाहते थे और नियति ने उन्हें डोगरी के प्रथम पत्रकार बना दिया।। डोगरी पत्रकारिता का आरंभबिंदु कुंवर वियोगी ही थे। जम्मू प्रभात नामक पत्र से डोगरी पत्रकारिता को जन्म दिया, उसे सजाया, संवारा ,पोषित किया। जम्मू छोड़ने के बाद भी पत्र पर पूरी नजर रही। 'पते दी गल्ल' नियमित कॉलम रहा और अन्य सामग्री से भी पूरित करते रहे।

मांडल भीलवाड़ा से आठ किलोमीटर ही दूर था, तब भी आना जाना आसान नहीं था। मांडल फोन भी नहीं थे, मोबाइल का तो नाम ही नहीं था। भीलवाड़ा जाकर हर सोमवार और शनिवार को STD से बात करते थे। बूथ पर भीड़ होती थी, प्रायवेसी का सवाल नहीं था। बात भी महज मुश्किल से तीन मिनिट हो पाती थी। वो भी के टी टाइम्स से बात करते थे। सामान्य पूछताछ और एक–दूसरे की आवाज सुनकर संतुष्ट हो जाना होता था। मेरे पास फोन नहीं था तो ये बाद में भी फोन नहीं कर सकते थे। मुझे फोन के तीन मिनिट के लिये बहुत तरदुद करना पड़ता था। पर आवाज सुन लगता था जैसे पास ही हैं। एक बार जम्मू फोन करने के लिए कम से कम 110रू खर्च होते थे। STD का तीन मिनिट का चार्ज था– 90रू.। आने जाने में खूब समय और शक्ति खर्च होती थी पर लगता था सदुपयोग हुआ है।

Whenever , I, my Love, your presence wish,
My hopes like roaring waves, then increase.
A sense of hopeful hopes does flourish
And blesses me with rare expertise.

A feeling of a glowing warmth comes,
To push me on to pinnacles unclimbed,
And what was inaccessible becomes,
Accessible and easy, rightly tuned.

This world sour opinions, wily taunts
Are muffled and by the music in my mind,
And mere thought of you, to me grants,
Harmonious, peaceful moments, sweet and kind.

And if you come in person, in my view.
I wonder what miracles would ensure.

रणधीर अपने शहर, अपने लोगों, अपनी यादों के बीच थे। मेरा अस्तित्व भी यादों में था। जम्मू में जरूर अपने को असहज और यायावर अनुभव करते होंगे। पैतृक मकान बेच दिया गया था। स्वयं का कोई ठौर नहीं था। स्वयं का ठौर होता तो पम्मी की यादों में भी शायद एक तसल्ली होती। ज़रूर लुटा–लुटा अनुभव करते होंगे। वो मुझे छोड़कर जाना नहीं चाहते थे।

1. पम्मी दी त्रीऽ पुन्न–तित्थ–
मन जीने दी कोशश साल भर जरुर करदा ऐ,
अवो हर साल यकम अप्रैल दा खलनायक आई करियै।
मिरे मिथे दे मनसूबे गी चकनाचूर करदा ऐ,
जिदे जीवन दा नखलेस्थान भलयां, भलयां उक्खड़े दा।

2. 'प्रेम' की चौबरसी पर सान्नेट लिखा था कि चार साल होने पर भी तुम्हारे बगैर जीवन का संगीत, जादू रस सब खो गये है। मृत्यु ने बड़ी नृशंसता से तुम्हें हम से छीन लिया है।

PREM'S CHAUBARSI YAAD

On first of April, Nineteen Eighty Eight
You went away to where the gods reside.
And we have, since then. been disconsolate
Vaccuumed, empty, hapless, woe-be-tide.

Bereft of you, these nameless, aimless years-
Groping, blundering, always round the bend
Hoping that our endless anguished tears
Would somehow cease; miseries would end.

But all our clueless mending bears no fruit.
And our all striving seems to be in vain.
Your parting has been such a ruthless brute,
No blood is left in us for it to drain.

From the day you left us, to this day,
The magic, from our, lives has flown away.

पर साथ ही वर्तमान का ध्यान आता है, सब छोड़कर मेरे साथ अंबारां गांव में बस जायें।

पिछले पंजियें साल्ले गी दूर पिच्छें छोड़ियै
मिरा मन करदा ऐ में अपने माजी बक्खी नस्सी जां
सीमैंटी शहरी जंगला दे सीखचें गी त्राड़ियै
मिरा मन करदा ऐ में अम्बारां जाईऐ बस्सी जां

तलाड़ दी मिट्टी दे ढेरा च घूड़ी दा रला पाईऐ

अपने पैरें कन्नै छड़ियै काह्नी गी प्यारां में
कंधों गी खड़ेरां दुग्गे अपने हत्थें नै लाईए
ते बरगे, थ्मम, बेल–बूटे उक्करियै सुआरां में,

वनाईऐ कुल्ला ए, आखां ''सुधा'' गी तुलसी ला बेह्ड़ै
सुधा गी तुलसी लान्दे दिक्खियै किलकारियां मारां
तुलसी दिक्खियै फी जेल्लै चेतां प्रेमां दा छेड़ै
तां ओह्दी दिलकशी कुल्ले चफेरे त्रौंकियै बारां

फी लेईऐ कुल्ले दी परखना कुल्ले गी आखां
मृतूलूका दी नशवर चीज गी मुड़ियै अमर आखां

रणधीर कहते हैं.....मैंने जीवन में कई लड़ाईयां लड़ी हैं, कुछ हारी भी हैं, समय के साथ सच–झूठ, हां–ना अपने अर्थ बदलते जाते हैं। वर्तमान को कई पुरानी यादें उद्वेलित करती हैं और कुछ भूली यादें उत्साहित भी करती हैं। प्रेम से भरी निगाहें, खुले होंठ, स्वाभाविक नारी सुलभ मर्यादित, धुंधले से चेहरा का आभास होता है। जिसे किसी समय मैं बहुत अच्छी तरह से जानता था पर बहुत दिन हो गए हैं।

IT WAS LONG AGO

A few traces of the past intervene,
And jostle present moments with affection.
A few flashes of a long forgotten scene
Arouse in me a feeling of elation,
A faint impression of a lovely face
With parted lips, sparkle in the eyes,
A presence oozing femininity and grace
A clear glimpse, I tap my puzzled brow.
I knew her once but it was long ago.

तुम मुझसे मत पूछो कि मैंने सपने में क्या देखा है? कारण उस सपने की बात बतलाना असंभव नहीं पर कठिन अवश्य है। सपने में देखी बात का नशा बहुत देर तक रहने वाला है पर और स्पष्ट रूप से याद करने की कोशिश करने के प्रयास में सब रेत के समान खिसक जाता है। पर मैं उस सपने की ट्रांस में और जीना चाहता हूं। मैं उसके खयालों में मस्त रहना चाहता हूं।

I dreamt that I was dreaming in my dream
But what was it? I ask you not to ask,
Because to place a finger on its theme,
If not impossible, is still a task.

And though its fragrance in my psyche lingers,
Yet when I try to figure its extent,
It quickly slips like sand through my fingers
Its pleasurable aftermath may flee.

Pray, let it hold me in it nebulous wonder,
And what was it? Pray, do not ask me.
And if I want to tell it, I can still ,
But though I can, I do not think I will.

रणधीर का जम्मू में आवासकाल मानसिक स्तर पर बहुत कठिन था। जम्मू में रहते हुए उन्हें अपने जीवन को देखने–जानने–विश्लेषण करने का अवसर मिला था। पम्मी की मृत्यु के बाद जिस मानसिक अवस्था में जम्मू से गए थे। उससे अब अधिक स्थिर अवस्था में थे। अब वो अपनी स्थिति का आकलन कर सकते थे। मैंने ही उन्हें जाने को कहा था,

इसलिए मेरे प्रति कोई guilt भाव नहीं था। पम्मी के साथ जिये पलों को पुनर्जीवित करने पत्निटॉप और बटोटा भी गए थे।

फिर से जीने के फैसले पर भी पुनर्विचार का मौका मिला था। नये जीवन के प्रति भी ईमानदारी और संतुष्टि आवश्यक थी। इस मानसिक द्वंद को सुलझाना जरूरी था। मैं हर फैसले में उनके साथ थी। दोस्ती दुनिया की सबसे बड़ी दौलत होती है। उनका मन शान्त–स्थिर होना जरूरी था। इसी संदर्भ में कई कविताओं के अंश हैं, जो उनके द्वंद को बतलाते हैं।

राहगीर चलते–चलते अचानक ऐसे दोराहे पर आता है कि उसे चुनना है कि वह किस रास्ते जाये ? एक रास्ता बहुत चलने वाला है तो वहीं दूसरा उबड़–खाबड़ और कम उपयोग वाला लगता है। मन तौल रहा है कि वह कौन सा चुने।

एह् का रस्ता कीह् चुनया?

में रस्ते पर चला दा हा, दरस्ता आई आ चानक,
आंऊं भलखोई आ जे कोह्कड़े रस्ते गी फगड़ा में?
मिगी जो भाखे हे रस्तें दी चोन करने दे मानकः
इन्दी उब– खड्डब्बी शकल ते बेरौनकी रौनक;
इेनें गी दिक्खिऐ फ्ही अपने–आपै कन्नें झगड़ा में।

PATNI TOP RE-VISITED WITHOUT HER

Tranquil, peaceful, calm, in solitude,
Birch and pine and fur trees stand in truce,
And when some vagrant wisps of wind intrude,
They sway and sigh and whisper. I deduce

That mighty storms all , wrathful, flashing, rule
Have gnarled majestic trunks of sturdy trees
And bent them double, made them rough and crude ,

Though now they brooding stand in apparent peace.

Love, when I met you first, the woody lanes
Were the same. These everlasting veterans are
Bedecked with beauty of some fitful peace
And stand in silence bearing aches and pains.

But where are you? Your absence leaves a scar,
What wrinkled, twisted, lifeless woods are these?

BATOTE REVISITED

Have you seen Batote on leeward side
Of "Pattni" top so closely which it hugs
Like startled damsel, newly wedded bride,
Enwrapped, so mutely hugs the bridal rugs.

My Pammi once did in this place reside,
And end of journey for me it became
And to this dame of hills I always came
To spend a few moments with my future bride.

Then felt I like some falcon on the prowl,
When with gigantic purpose it does soar,
But to-day when I see this hilly bowl
I find it barren, lifeless, empty, sore.

For people not the places are my goal
And Pammi in this heaven stays no more.

DEATH WE DIE

What saddens me and hampers every chance
Of living is, we let our fears prevail;
And the wise injunction – "Death does come but once"
Does go unheeded – bludgeons us. Flail

The waves of sweetest music ; granite walls
Of our anxiety roll away unheard
And our existence, akin to rag dolls,
Appearing life – like truly, but absurd

Are these illusions. If we only could
Refuse to die when challenged by each fear
And wallop this anxiety as we should,
Then we could lead a happy life, my dear.

And live like princes, to our loves attend,
To meet our death finally as a friend.

मेरे जम्मू न जाने और मेरे ही द्वारा भेजे जाने के प्रति भी थोड़ा रूष्ट थे। पर मिलने की आतुरता भी थी। क्षितिज के पार एक उदय होती सृष्टि नजर आ रही थी। 1994में ये मांडल आ गये।

WHERE IS LOVE?

How smoothly flowing the swan- like beauty sways.
And in its own-self always busy lives.
To loving soul it scarcely attention pays
And in its own self marvels and believes.

If this was not so; how come you, my friend
Forget my presence, legion of my woes?
Now do not tell me that you didn't intend
To tell me that who cares and who knows?
One glance at me you throw and this I grant.
But where is love? The alms- I do not want. -----

Parting Of Ways I

What wild plumage flutters to my mind,
Of hopes and thoughts aspiring far and wide.
Then what unearthly reason do you find
For obscenities for which you always chide?
The parting of our ways in married life
Has come, my spouse, to end this senseless strife. -----

THAT NIGHT

That lovely night of love and understanding,
That blessed sacred happy, happy night
Where restless Time appeared to be standing
And everything appeared to be right.
Is still a source of blissful memory
Though you are inaccessible to me. --------

Regret

With ceaseless vigour I, myself endeared-
To high and low. And when I wrote for you-
I write of you, and feel it in my bones-
A tiny warning of a huge regret

And missing you, I think of you and write
And with each line my daily stature grows.
But you, my friend are out of worldly sight
Renounce this world and come to you for good.

DEJECTION

I seek and get the things I never seek,
I never get whatever, I have sought.
To look for her, I walk along the creek,
And want her badly, but I find her not.
When day is dreary, endless, overlong,
When evening takes a year to come along. -----

A WEE BIT MORE

A wee bit of more effort will not make,
A wee bit differences to you. You may find,
Few paces more, tentative when you take,
Your destination. Get your second wind.
By waiting we may have the widest choice,
Of happiness in which we can rejoice. ----

With ceaseless vigour , I myself endeared,
To high and low. And when I wrote for you,
The weak and mighty, friend and enemy cheered,
And when to you I come to bid adieu.

I write of you, and feel it in my bones,
A tiny warning of a huge regret,

Which pricks the marrow with its deadly thorns.
I fret and keep on saying I do not fret,

And missing you I think of you and write;
And with each line my daily stature grows,
But you my friend are out of worldly site,
Though all to you, I know, The credit goes.

This –no one knows but if I could, I would,
Renounce this world and come to you for good.

JOY

I – happy happy – like a fiddle fit,
Pirouette and to the beat of pleasure hum,
And throw my arms around you to submit,
To hurting hugs. And now that you have come.

No harm to tell of loathsome agonies ,
Which tortured and tormented your beloved:
To see the mynas kissing on the trees,
And I so lonesome – unkissed and unloved.

To write the letters filled with ironies,
Of circumstances, tear them up and blink,
The tears away to hide the miseries,
Lest you may not so cowardly me think.

But nestled in your arms, I admit,
I don't remember pain – not a bit.

मुनासिब वकत पै चलेंगे हम दौनो,
क्रौचों के दिलमिले–हिलमिले जोड़े की तरह।
छोड़ के शिकवों को, गिलों को पीछे,
चंद अफसोस भरे पछतावे लेकर।

बची–खुची अड़चनों का निभारन करके,
आशा के भड़कते हुए आवे लेकर।
मन पसन्द रास्तों पै यहां हम जा न सके,
खुद ही अपनाई हुई निष्ठा के थकावे लेकर।
चंद दिन और सबर, और सबर, और सबर,
खुद ही मीसूस करेंगे दफर्तन शायद।
यह क्या कम है कि हम जिन्दा हैं,
देर से चाहे हुआ पर मिलना तो हुआ।
अब भी हमारे लिये हमदम जिन्दा हैं,
जो किसमत में लिखा था होना वो हुआ।
अपनी ही मरजी से सफर तैह करने के लिये,
वाह्द–अजां अपनी खुशी ही से मरने के लिये।

.... कुंवर वियोगी

और

Marrige

In a marriage, man and woman think more,
Of the partnership than they do of themselves.
It is interweaving (sweet की भांती) of interests and
A facing of sacrifice for the sake of both. Feeling
Of security(रक्षा) and contentment(सन्तुष्टी) comes
From mutual(मिल–जुलकर की हुई) effort. In
Marriage, as in dancing, happiness comes not
From skill but from to-getherness.
In purely physical love there is emotional
Sincerity which can burn both partners to ashes.
No two human beings can always live
To-gether in the most intimate relationship
Of marriage without sometimes frustrating
Each other. Understanding is needed because
Where love is blocked it turns to anger and
Hate. The art of love is patience till spring comes.

रणधीर बहुत ही संवेदनशील व्यक्ति रहें हैं। जब भी कोई भावुक दृश्य देखते उनकी आंखों में आंसू आ जाते । फिल्म

'बागबान' के अन्त को जितनी बार देखते भावुकता में आंसू आ जाते । मैं पूछती , रणधीर कितनी बार तो देख ली है, फिर ये भावुकता क्यों? शायद अपनों के दोषारोपण, स्वार्थी व्यवहार और बिछुड़ना तड़पाता होगा। तभी कहते हैं.....
मुझे लगता है कि प्यार और आग समान ही होते हैं। आग तो पानी से बुझाई जा सकती है पर प्रेमी हृदय के आंसू को रोका नहीं जा सकता है। प्यार की अग्नि उन्हें और तपा देती है। प्रेम की तड़प में मैं रोऊँगा ,मेरी आंखों से आंसू बहने दो

SILENT SUFFERER

The nature of fire and love is the same.
The fire is easily extinguished with water
But tears of lovers can not tame
The fire of love. They make it even brighter.
Yes I shall weep but never ever speak,
And let the tears tumble down my cheek.

रणधीर के मांडल आने के कुछ महिनों के बाद दो नवजात बेटियों को गोद लिया। जीवन के सारे ऊहापोह खत्म हो गये। फिर हम भीलवाड़ा आ गये। दोनों बालिकाओं के साथ जीवन अति व्यस्त हो गया।

रणधीर को बचपन से ही अंग्रेजी के प्रोफेसर बनने की इच्छा थी पर पारिवारिक स्थितियों के कारण नौकरी करनी पड़ी थी। जम्मू टाईम्स के लिये रोज ''पते दी गल्ल''लिखना जारी था। ये एक दो कॉलम का पूरा लेख होता था। भीलवाड़ा में बच्चे खूब मेधावी थे पर अंग्रेजी नहीं आने के कारण जीवन में सफल नहीं होते थे। रणधीर ने पहले "English Speaking classes " शुरू की, अंग्रेजी पर साधिकार ज्ञान होने से students की संख्या बढती ही गई। कुछ समय बाद CLAT,MAT, CDS & Competitive Exams की तैयारी भी कराने लगे। इसके लिये कोई शुल्क नहीं लेते थे। फिर

Group Discussion भी करवाने लगे। कई लड़के– लड़कियों का IIM अहमदाबाद और सेना में चयन होने लगा।

जो भी लड़के–लड़कियां CDS के लिये आये व मन से मेहनत की वो सेना में ऑफिसर बन गये। छात्रों को पूछने पर सलाह भी देते। धीरे–धीरे कर्नल साहब के नाम से जाने जाने लगे। कई डॉक्टर, इन्जिनियर, पॉलिटीशियन भी बेझिझक आने लगे। कई विद्यार्थियों के परिवार वाले भी अपनी समस्या समाधान के लिये आना शुरू हुए।

अखबार के माध्यम से English Editorial और जम्मू प्रभात के माध्यम से डोगरी में कॉलम का लेखन रणधीर के लिए बहुत संतोषप्रद रहा। जीवन में देश और समाज से जो पाया था उसे ब्याज समेत पुनः समाज को लौटा रहे थे। देश और समाज से उऋण हो रहे थे।

बचपन से Unsaid & undefined वेदना, जीवन के अभाव, पत्नि की असमय मृत्यु, घर का बिखरना और हाथों से सब लुट जाना आदी बहुत गहरे घाव थे, जिन पर इस उऋणता ने मरहम का काम किया। मन का धुंधला आकाश फिर नीला हो गया।

> शादी के 27 सालों में दोस्ती गहराती गई। कैंसर से एक रोगी ही विचलित नहीं होता है वरन सारा घर, वर्तमान, भविष्य सभी कुर्बान हो जाते हैं। प्रिय को छीने जाने की फांस हमेशा चुभती रहती है। समय उस चुभन को कम करता जाता है पर जींदा तो रहती है। वियोगीजी की लिखी एक कविता ''चार कमरे'' में जीवन का दर्शन छुपा है। दोस्त होने से मेरी पहुंच तीसरे कमरे तक हो गई थी। चौथे कमरे की झिर्री से रणधीर की unsaid, undefined पीड़ा को थोड़ा जान पाई थी। शायद पत्नि से दोस्त, दोस्त से मां बनने की प्रक्रिया में ऐसा हुआ होगा। बाद के कुछ सालों में वे मुझे मां कहने लगे थे। लड़कियां कहती थीं –

पापा! आप मम्मी को मां क्यों कहते हैं? ये हंसकर कहते तुम भी तो 'मां' कहते हो।

कैंसर रोग से लड़ने से अधिक कठिन मानसिक स्तर पर लड़ना और जीतना जरूरी है। आत्मविश्वास, धैर्य, साहस के साथ रिश्तों में समझ, गहन गंभीरता, जिये पलों की खुशी ही लड़ाई के हथियार होते हैं।
भगवान किसी को ऐसी चुनौती न दे।

शुभाशीष!